दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, मंगलवार 14 जुलाई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1121




## संक्षिप्त खबरें ।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र और योगी सरकार से मांगा जवाब



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में चार याचिकाओं पर सुनवाई हुई. चढ़ावा चोरी केस में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. अदालत ने इस मामले की स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग वाली याचिकाओं पर दोनों सरकारों से जवाब मांगा है. आपको बता दें कि इस मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही है, जिसमें जस्टिस जायमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहन भी शामिल हैं। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (SIT) से जांच की मौजूदा स्थिति पर रिपोर्ट भी मांगी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी को निर्देश देते हैं कि वह अपनी जांच की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे. इस मामले की अगली सुनवाई अगले सोमवार को होगी. स्टेटस रिपोर्ट में यह भी बताया जाए कि SIT में किन-किन अधिकारियों को शामिल किया गया है.' इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से भी इन याचिकाओं पर जवाब मांगा है।

**ट्रस्ट को नोटिस जारी किए जाने का विरोध :** प्राप्त जानकारी के मुताबिक एसआईटी द्वारा ये स्टेटस रिपोर्ट एक बंद लिफाफे में दी जाएगी. इसके साथ ही कोर्ट ने साफ किया कि इस मामले में न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाओं पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेगी. सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किए जाने का विरोध किया, लेकिन पीठ ने उनकी आपत्ति को दरकिनार करते हुए ट्रस्ट को भी नोटिस जारी करने का फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि चूंकि इस मामले में पहले ही एक SIT गठित की जा चुकी है और जांच जारी है।

## घर वापसी करने को तैयार TMC के बागी नेता, लेकिन रख दी ऐसी शर्त, ममता दीदी के पैरों तले खिसक गई ज़मीन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सियासत से इस वक्त की सबसे बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। तृणमूल कांग्रेस (TMC) के बेहद सीनियर नेता और उत्तर बंगाल विकास विभाग के पूर्व मंत्री रवींद्रनाथ घोष ने एक ऐसा दावा किया है, जिसने ममता बनर्जी की नींद उड़ा दी है। बागी गुट में शामिल हो चुके घोष ने रविवार को खुला ऐलान किया कि अगर ममता बनर्जी अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को सक्रिय राजनीति से पूरी तरह अलग करने में कामयाब हो जाती हैं, तो ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी खेमे के ज्यादातर नाराज नेता वापस टीएमसी में लौट आएंगे। रवींद्रनाथ घोष का ममता बनर्जी का साथ छोड़कर विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी के बागी गुट में जाना कूर्चबिहार समेत पूरे बंगाल में एक बहुत बड़ा राजनीतिक उलटफेर माना जा रहा है।

**समानांतर सरकार चलाने की तैयारी:** यह बड़ा सियासी घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है जब बागी गुट ने पूरी तृणमूल कांग्रेस पर कब्जा करने के लिए अपनी ताकत झोंक दी है। इस गुट ने राज्य से लेकर जिला स्तर तक अपनी खुद की अलग और समानांतर समितियां बनाकर पार्टी आलाकमान को सीधी चुनौती दी है। बागियों के इस आक्रामक कदम के बाद ममता बनर्जी के कई पुराने और बेहद भरोसेमंद सिपहसालार भी दीदी का साथ छोड़ रहे हैं। इनमें बीरभूम के कद्दावर और रसूखदार नेता अनुब्रत मंडल का नाम भी शामिल है, जो अब बागी खेमे में खड़े नजर आ रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बागी गुट बहुत जल्द रवींद्रनाथ घोष को कूचबिहार का नया जिला अध्यक्ष घोषित कर सकता है।



### अनुभवहीन लीडरशिप ने किया बेड़ागर्क

जब घोष से पूछा गया कि क्या पार्टी के इस बिखराव और शर्मनाक हार के जिम्मेदार सीधे तौर पर अभिषेक बनर्जी हैं, तो उन्होंने बिना झिझक कहा कि अभिषेक में राजनीतिक अनुभव की भारी कमी है। वे किसी जमीनी आंदोलन या संघर्ष से तपकर नेता नहीं बने हैं। आई-पैक पर गुस्सा निकालते हुए उन्होंने कहा कि वह सिर्फ कुछ नौजवान लड़कों का एक ग्रुप था, जो सालों से खून-पसीना बहाने वाले सीनियर नेताओं को यह सिखा रहा था कि राजनीति कैसे की जाती है। उन्होंने कहा कि 2011 और 2016 के चुनावों में कोई आई-पैक नहीं थी, फिर भी हम जीते।

**टिकट कटने से भड़का गुस्सा:** अभिषेक बनर्जी और चुनावी रणनीतिकार कंपनी आई-पैक (I-PAC) पर तीखा हमला बोलते हुए रवींद्रनाथ घोष ने कहा कि विधानसभा चुनावों में टीएमसी को मिली करारी शिकस्त के पीछे सबसे बड़ा हाथ इन्हीं लोगों का था। उन्होंने कहा, "मैंने पार्टी के कई बड़े नेताओं से चर्चा की है और मुझे साफ समझ आया है कि ममता बनर्जी को कुछ समय के लिए अभिषेक बनर्जी को राजनीति से दूर रखना ही होगा। तभी नाराज नेता और जमीनी कार्यकर्ता वापस दीदी के पास लौटेंगे।" घोष ने खुलकर आरोप लगाया कि अभिषेक की मनमानी की वजह से ही चुनाव में 80 से ज्यादा मौजूदा विधायकों और मंत्रियों के टिकट काट दिए गए, जिससे पूरी पार्टी बिखर गई।

**दीदी के हाथ से निकली कमान:** लगभग 20 सालों से ज्यादा समय तक तृणमूल के जिला अध्यक्ष रहे और ममता बनर्जी के सबसे पुराने रणनीतिकारों में शुमार घोष ने अब ममता दीदी की क्षमता पर ही गंभीर सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने बेहद तल्ख अंदाज में पूछा कि क्या वाकई आज के दौर में पार्टी पर ममता दीदी का कोई नियंत्रण बचा भी है? घोष ने दावा किया, "हकीकत तो यह है कि अब दीदी के हाथों में कोई पावर नहीं रह गई है। फैसले लेने की असली ताकत कहीं और ट्रांसफर हो चुकी है और बेहद महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी उन लोगों को सौंप दी गई है जो इसके बिल्कुल लायक नहीं हैं। ऐसे माहौल में ममता बनर्जी चाहकर भी कुछ नहीं कर सकतीं।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला: अभिषेक मनु सिंघवी की दलील काम आई, 'गाय-बछड़ा' प्रतीक चिह्न पर लगी मुहर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चल रही एक महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई का पटाक्षेप हो गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की प्रभावी दलीलों के बाद शीर्ष अदालत ने एक अहम आदेश जारी किया है। इस फैसले के साथ ही अब राजनीतिक गलियारों में 'गाय-बछड़ा' प्रतीक चिह्न के उपयोग का रास्ता साफ हो गया है। यह जीत न केवल कानूनी मोर्चे पर महत्वपूर्ण है, बल्कि विजय सरकार और उनसे जुड़े समर्थकों की लंबे समय से चली आ रही एक बड़ी मांग को भी पूरा करती है।

**कोर्ट में सिंघवी की धारदार दलीलें:** सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी ने पक्ष रखते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या विचारधारा को उसके चुनाव चिह्न या सांस्कृतिक प्रतीक से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपनी दलीलों में कानूनी बारीकियों और ऐतिहासिक संदर्भों का हवाला देते हुए अदालत को समझाया कि इस प्रतीक की अनुमति न देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे को सीमित करने जैसा है। सिंघवी ने तर्क दिया कि यह प्रतीक किसी विशेष समुदाय की भावना को ठेस नहीं पहुँचाता, बल्कि यह एक राजनीतिक और सामाजिक पहचान से जुड़ा हुआ है। उनकी इन तर्कों ने अंततः पीठ को प्रभावित किया और कोर्ट ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी।

**क्या थी विजय सरकार की मांग?:** विजय सरकार और उनके सहयोगियों का तर्क था कि 'गाय-बछड़ा' का प्रतीक ग्रामीण भारत और भारतीय कृषि संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। लंबे समय से वे चुनाव आयोग और अदालतों के सामने यह दलील देते आए थे कि उनकी राजनीतिक विचारधारा इस प्रतीक के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। अब सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद, विजय सरकार की इस मांग को पूरी तरह से स्वीकार कर लिया गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस जीत के बाद आने वाले चुनावों में इसका असर सीधे मतदाताओं पर पड़ेगा और पार्टी इसे एक बड़े 'विक्ट्री पॉइंट' के रूप में पेश करेगी। कोर्ट के इस फैसले ने न केवल कानूनी बहस पर विराम लगा दिया है, बल्कि इसे एक बड़ी राजनीतिक जीत के रूप में भी देखा जा रहा है। अब जबकि अदालत ने इसे काटने या रोकने के बजाय इसकी वैधता पर मुहर लगा दी है।

## ईरान ने दिया अमेरिका को ऐसा घाव कि अब लंगड़ाने लगा है सुपरपावर, 1945 के जर्मनी-जापान जैसी होगी हालत?

**लोक तंत्र की आवाज**

**नईदिल्ली।** ईरान के साथ जारी जंग ने अमेरिका की सैन्य बादशाहत को एक ऐसी चुनौती दे दी है, जिसकी कल्पना शायद पेंटागन ने भी नहीं की थी। CNN की एक सनसनीखेज रिपोर्ट ने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के खिलाफ जारी इस संघर्ष में अमेरिका के हथियारों का जखीरा खतरनाक स्तर तक खाली हो चुका है। स्थिति इतनी गंभीर है कि अमेरिकी सेना के पास मौजूद थाड (THAAD) और पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का स्टॉक आधा रह गया है। एक्सपर्ट्स का दावा है कि अगर यह युद्ध लंबा खिंचा, तो अमेरिका की हालत वैसी ही हो सकती है, जैसी दूसरे विश्व युद्ध के बाद 1945 में जर्मनी और जापान की हुई थी।



**क्या हथियारों का 'सुपरपावर' खत्म हो रहा है?:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा संघर्षविराम (सीजफायर) खत्म करने के ऐलान के बाद युद्ध की तीव्रता और बढ़ने की आशंका है। लेकिन चिंता की बात यह है कि अमेरिका के पास इसे लड़ने के लिए गोला-बारूद की भारी कमी हो गई है। युद्ध के शुरुआती दौर में ही अमेरिकी सेना ने हजारों की संख्या में अपनी एडवांस मिसाइलों का इस्तेमाल कर दिया। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (CSIS) के अनुसार, अमेरिका अपने टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का भी करीब 30 प्रतिशत हिस्सा इस्तेमाल कर चुका है।

**चीन और उत्तर कोरिया के लिए बढ़ेगा खतरा:** रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि हथियारों का यह तेजी से घटता भंडार अमेरिका के लिए रणनीतिक जोखिम बन गया है। कर्नल मार्क कैंसियन के मुताबिक, यदि यही स्थिति रही तो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की पकड़ कमजोर पड़ सकती है। अगर भविष्य में अमेरिका को चीन या उत्तर कोरिया जैसे किसी बड़े प्रतिद्वंद्वी से लड़ना पड़ा, तो उसके पास पर्याप्त हथियार नहीं होंगे। हथियारों की भरपाई की मौजूदा रफ्तार इतनी धीमी है कि भंडार को पुराने स्तर पर लाने में अमेरिका को तीन से पांच साल तक का समय लग सकता है। हैरानी की बात यह है कि युद्ध शुरू होने के बाद भी अमेरिकी कांग्रेस ने इन मिसाइलों के प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए अब तक किसी अतिरिक्त बजट को मंजूरी नहीं दी है।

## मौत के लिए तैयार हो जाओ', लिंडसे ग्राहम की मौत के बाद ईरान की ट्रंप को चेतावनी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**तेहरान।** अमेरिकी सीनेटर और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी लिंडसे ग्राहम की मौत के बाद ईरान के कुछ अखबारों और सरकारी मीडिया ने विवादित टिप्पणियां की हैं। कई ईरानी अखबारों ने ग्राहम की मौत को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जबकि कुछ रिपोर्टों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अमेरिकी अधिकारियों को लेकर भी धमकी भरे संकेत दिए गए।

**ईरान में ग्राहम की मौत पर विवादित कवरेज:** ईरानी अखबार हमशहरी ने अपने पहले पन्ने पर "अचानक मौत के लिए तैयार हो जाओ" शीर्षक के साथ डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर प्रकाशित की। इस तस्वीर में ट्रंप के साथ दिवंगत लिंडसे ग्राहम, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका-इजरायल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीरें भी शामिल थीं। वहीं, दूसरे ईरानी अखबार वतन-ए-इमरूज ने अपने पहले पन्ने पर ग्राहम की मौत की खबर "मौत के सौदागर की मौत" शीर्षक से प्रकाशित की।



अखबार ने लिखा कि ग्राहम लंबे समय से ईरान के खिलाफ अमेरिका की सख्त नीतियों के समर्थक रहे थे और उनकी मौत अचानक हुई बीमारी के कारण हुई। इसी बीच, ईरान के सरकारी मीडिया के एक न्यूज एंकर ने भी विवादित बयान दिया। प्रसारण के दौरान उसने दावा किया कि युद्ध की वकालत करने वाले ईरान विरोधी अमेरिकी सीनेटर को "जहन्नुम भेज दिया गया" और इस पर ईरानी जनता को बधाई दी। इन बयानों के बाद अमेरिका में सोशल मीडिया पर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

**ग्राहम की मौत की जांच की मांग:** ट्रंप समर्थक MAGA समूह के कुछ लोगों ने ग्राहम की मौत की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पहले ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की ओर से ग्राहम को धमकियां दी गई थीं, इसलिए इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए। हालांकि, अब तक ग्राहम की मौत को लेकर किसी साजिश की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लिंडसे ग्राहम अमेरिका की विदेश नीति के सबसे मुखर नेताओं में गिने जाते थे। उन्होंने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को सैन्य सहायता देने का लगातार समर्थन किया। इसके अलावा, गाजा युद्ध के दौरान उन्होंने इजरायल का खुलकर साथ दिया और कई बार कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार को सत्ता से हटाया जाना चाहिए।

## एसआईआर पर संयुक्त राष्ट्र के भारत से जवाब मांगने पर कांग्रेस का तंज

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के तीन विशेष प्रतिवेदकों ने भारत में चल रही SIR प्रक्रिया को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के आरोपों पर भारत सरकार से जवाब मांगा है। यूएन द्वारा जारी किए गए लेटर में लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जाने, खासकर अल्पसंख्यक समुदायों के कथित प्रभाव को लेकर चिंता जताई है। अब इस मुद्दे पर विपक्ष केंद्र सरकार पर हमलावर हो गया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इस मुद्दे पर मोदी सरकार पर तंज कसा है।

रविवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'ज्ञानेश कुमार की समझदारी और काबिलियत की चर्चा अब संयुक्त राष्ट्र में हो रही है। उन्होंने आगे कहा, पूरे देश के लिए यह कितने गर्व का पल है। आने वाली पीढ़ियां इसे याद रखेंगी।

### ज्ञानेश कुमार की प्रतिभा' की UN में चर्चा'



**टीएमसी ने भी उठाए सवाल:** वहीं इस मुद्दे पर टीएमसी की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने कहा, 'भारत में एक असंवैधानिक SIR प्रक्रिया के कारण लाखों वोटर चुनावी लिस्ट से गायब हो गए हैं और उनके और भी गायब होने का खतरा है। अब यूएन के स्पेशल रैपोर्टर्स ने AI-आधारित अपारदर्शी तरीके से लोगों के नाम हटाने और अल्पसंख्यकों पर इसके बहुत ज्यादा असर को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सागरिका घोष ने आगे कहा, 'चुनाव आयोग बिना जवाबदेही वाले एल्गोरिदम के जरिए वोटरों के अधिकारों को खत्म कर रहा है। 'वैनिश कुमार' की अगुवाई वाले चुनाव आयोग ने भारत के लोकतंत्र को शर्मसार किया है।'

**यूएन ने क्या कहा?:** यूएन की ओर से 1 मई 2026 को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि SIR प्रक्रिया के दौरान लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जाने, खासकर अल्पसंख्यक समुदायों पर इसके कथित प्रभाव को लेकर चिंता है। रिपोर्ट में भारत सरकार को जवाब देने के लिए 60 दिनों का समय दिया गया है। यह लेटर अल्पसंख्यक मामलों पर यूएन विशेष प्रतिवेदक, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर विशेष प्रतिवेदक और धर्म या आस्था की स्वतंत्रता से जुड़े विशेष प्रतिवेदक की ओर से भेजा गया है।

## बांकीपुर उपचुनाव: नामांकन के तुरंत बाद जजद की प्रत्याशी वीणा मानवी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**
**संवाददाता विनोद प्रसाद**


**पटना ।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव से बड़ी खबर सामने आ रही है। नामांकन दाखिल करने के बाद जनशक्ति जनता दल की उम्मीदवार वीणा मानवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक वीणा मानवी को 420 (धोखाधड़ी) के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। दरअसल 2009 के पुराने केस में पुलिस ने उन्हें अरेस्ट कर लिया है। हालांकि उन्होंने नामांकन का पर्चा भर दिया है।नामांकन के बाद वीणा मानवी नाराज होकर बाहर निकलीं। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें वारंट का हवाला देकर गिरफ्तार कर रही है। वीणा मानवी ने अपनी गिरफ्तारी को विरोधियों की साजिश बताया।

## पटना कोचिंग विवाद में खान सर की हुई बल्ले-बल्ले, कोर्ट से मिली राहत, सुनाया बड़ा फैसला

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** पटना के चर्चित कोचिंग विवाद मामले में फेमस शिक्षक खान सर को अदालत से बड़ी राहत मिली है. सिविल कोर्ट ने उनके साथ दोनों निजी सुरक्षा कर्मियों (बॉडीगार्ड्स) की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर ली है. ये मामला जून की शुरुआत में उनके कोचिंग संस्थान में हुई तोड़फोड़ और उसके दौरान हुई कथित फायरिंग से जुड़ा है, जिसमें तीनों को सह-आरोपी बनाया गया था।

जानकारी के मुताबिक, जून की शुरुआत में कुछ उपद्रवियों ने कथित तौर पर खान सर के कोचिंग संस्थान में घुसकर तोड़फोड़ की थी. इसी दौरान उनके सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग करने का आरोप लगा. इस मामले में खान सर, जिनका वास्तविक नाम फैसल खान है और उनके दोनों निजी बॉडीगार्ड्स को सह-आरोपी बनाया गया था, जिसके बाद गिरफ्तारी की आशंका के चलते उन्होंने अदालत का रुख किया।



**सुनवाई के बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला:** मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. बुधवार को आदेश सुरक्षित रखने के बाद सोमवार को कोर्ट ने अपना निर्णय सुनाते हुए खान सर और उनके दोनों सुरक्षा कर्मियों को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी।

**पिछली सुनवाई में टला था आदेश**

पिछली सुनवाई के बाद खान सर के वकील अरविंद कुमार मौआर ने बताया था कि जिला जज के अवकाश पर होने के कारण आदेश उसी दिन जारी नहीं हो सका और इसे सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया. उन्होंने ये भी कहा था कि अंतिम आदेश आने तक अदालत द्वारा दी गई अंतरिम राहत जारी रहेगी, जिससे खान सर के खिलाफ तत्काल कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## 4,700 करोड़ का लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे उद्घाटन से पहले धंसा? अखिलेश यादव के दावे से मचा हड़कंप

**लोक तंत्र की आवाज़**

**लखनऊ।** लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के उद्घाटन से ठीक पहले एक बड़े विवाद ने जन्म ले लिया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दावा किया है कि 4,700 करोड़ की लागत से बना यह एक्सप्रेसवे उद्घाटन से पहले ही धंस गया है। इस दावे के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में सियासी पारा चढ़ गया है। आज (13 जुलाई) दोपहर 3 बजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा इस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया जाना है, लेकिन अखिलेश के आरोपों ने प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।



**अखिलेश का तंज: 'तेजी से सफर के लिए है, भगवान का नाम जपने के लिए नहीं:** अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक्सप्रेसवे इसलिए बनाए जाते हैं कि लोग बिना किसी डर के तेजी से सफर कर सकें, न कि पूरे रास्ते अपनी सुरक्षा के लिए भगवान का नाम जपते रहें। उन्होंने महाराष्ट्र के मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट का उदाहरण देते हुए इसे 'भ्रष्टाचार का कनेक्टिंग लिंक' करार दिया। सपा प्रमुख ने तंज कसते हुए पूछा कि क्या भाजपा शासित राज्यों में महाभ्रष्टाचार की कोई प्रतियोगिता चल रही है? उन्होंने सवाल उठाया कि यह परियोजना आम जनता की सुविधा के लिए है या केवल भाजपा से जुड़े ठेकेदारों की जेबें भरने के लिए?

**भाजपा का पलटवार: 'विपक्ष की हताशा:** अखिलेश यादव के इन गंभीर आरोपों पर भाजपा की उन्नाव इकाई के अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने पलटवार किया है। उन्होंने इन दावों को पूरी तरह निराधार और हताशा में दिया गया बयान बताया। अवस्थी ने कहा कि जो लोग मानसिक रूप से कमजोर हैं और जिन्हें विकास रास नहीं आ रहा, वे 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले खुद को चर्चा में रखने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि यदि निर्माण कार्य में कोई छोटी-मोटी तकनीकी कमी है, तो उसे ठीक कर लिया जाएगा, लेकिन उद्घाटन से ठीक पहले दुष्प्रचार करना दुर्भावनापूर्ण है।

## विश्वगुरु' के दावों पर गायिका अनुराधा पौडवाल का बड़ा सवाल, 93 हजार स्कूल बंद होने पर सरकार को घेरा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुम्बई ।** प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल ने अपने हालिया साक्षात्कार में भारत के 'विश्वगुरु' बनने के सरकारी दावों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कई वर्षों के अंतराल के बाद सार्वजनिक चर्चा में लौटीं पद्म श्री सम्मानित गायिका ने देश की वर्तमान स्थिति, विशेषकर शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक स्थलों की सुरक्षा पर गंभीर चिंताएं जाहिर की हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश को विश्वगुरु बनाने के दावों और धरातल पर दिख रही स्थितियों के बीच बड़ा अंतर है। एक इंटरव्यू के दौरान शुभांकर मिश्रा से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 'विश्वगुरु' बनने के लिए जो आधार होना चाहिए, वह वर्तमान में कहीं दिखाई नहीं दे रहा है।



गायिका ने शिक्षा के क्षेत्र में आई चुनौतियों का जिक्र करते हुए सरकार से सीधा सवाल किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ विश्वगुरु बनने की चर्चा हो रही है, तो दूसरी तरफ हकीकत यह है कि देश में 93,000 स्कूल बंद हो गए हैं। उनके अनुसार, शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता को प्राथमिकता दिए बिना ऐसे दावे बेमानी लगते हैं। अनुराधा पौडवाल ने आगे बढ़ते हुए राम मंदिर में हुई दान चोरी की घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे मामलों से न केवल धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचती है, बल्कि यह देश की व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों की एक सूची बनाई जानी चाहिए ताकि उन पर ठोस कार्रवाई की जा सके, बजाय इसके कि केवल बड़े-बड़े दावों पर चर्चा की जाए। अनुराधा पौडवाल का करियर चार दशकों से अधिक का रहा है। उन्होंने हिंदी, मराठी, ओडिया और कई अन्य भाषाओं में अपनी आवाज का जादू बिखेरा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 15 अगस्त 2026 तक चलेगा ग्राम पंचायत खेल क्लब सदस्यता अभियान

**नवादा।** जिला खेल पदाधिकारी, नवादा रवि जी ने बताया कि खेल विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम एवं नगर पंचायतों में गठित खेल क्लबों को अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से 01 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन सदस्यता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पंचायत स्तर पर अधिक–से–अधिक युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को खेल क्लबों से जोड़ते हुए उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिले तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी ग्राम एवं नगर पंचायतों में खेल क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन किया जा चुका है। अब इन क्लबों में अधिकाधिक सदस्यों का पंजीकरण कर क्लबों को प्रभावी एवं क्रियाशील बनाया जाना है। उन्होंने बताया कि 02 अक्टूबर 2026 से आगामी तीन माह तक पंचायत स्तर पर खेल महोत्सव आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत पंचायतों के खेल क्लबों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत प्रखंड एवं जिला स्तर पर भी खेल महोत्सव आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। जिला खेल पदाधिकारी ने जिले के सभी युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर खेल क्लब की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान का हिस्सा बनें। सदस्यता हेतु **https://club.biharsports.org/auth/member-register** पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है।

### सिरदला में नए अंचल अधिकारी प्रेम आनंद प्रसाद ने संभाला पदभार, भूमि विवादों के त्वरित निपटारे पर जोर

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**



**सिरदला (नवादा):** सिरदला प्रखंड के नवपदस्थापित अंचल अधिकारी प्रेम आनंद प्रसाद ने सोमवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अंचल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर कार्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता आम लोगों को समय पर राजस्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा भूमि विवादों का निष्पक्ष एवं त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी मामलों में पारदर्शिता बरती जाएगी और जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा। साथ ही सरकारी योजनाओं एवं राजस्व कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने और लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। पदभार ग्रहण के दौरान सीआई राजीव रंजन, अमित कुमार, वीरेंद्र कुमार, रुमेश कुमार, लिपिक नवीन कुमार, बड़ा बाबू बालगोविंद प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने नए अंचल अधिकारी का स्वागत करते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में डीएम सख्त



**बिहारशरीफ।** हरदेव भवन में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, लोक शिकायत, भूमि विवाद, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली तथा विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी बीडीओ और सीओ को समय–सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए अगले 10 दिनों में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शत–प्रतिशत लक्षित आबादी की स्क्रीनिंग और उसका ऑनलाइन अपडेट सुनिश्चित करने को कहा।डीएम ने राशन कार्ड के लंबित आवेदनों पर भी सख्ती दिखाते हुए सभी बीडीओ को एक सप्ताह के भीतर 5,000 पात्र परिवारों के नए राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त 14,160 आवेदनों में 13,441 का निष्पादन हो चुका है, जबकि 719 मामले लंबित हैं। लापरवाही पर 21 अधिकारियों को शो–कॉज जारी किया गया है।भूमि विवाद के 270 मामलों में 170 का निपटारा किया गया है। अनुमंडल स्तर पर हिलसा 76 प्रतिशत निष्पादन के साथ सबसे आगे रहा। डीएम ने राजगीर और बिहारशरीफ डीसीएलआर कार्यालयों में 30 दिन से अधिक पुराने मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में पेयजल, बिजली और सड़क से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान तथा सोहसराय आरओबी एवं ऐतवारी बाजारझ्उपरौरा मोड़ सड़क परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# हिलसा स्टेशन के पास मालगाड़ी की चार बोगियां बेपटरी, बड़ा रेल हादसा टला, फतुहा-नटेसर रेलखंड पर परिचालन ठप

लोक तंत्र की आवाज



**हिलसा।** फतुहा-नटेसर रेलखंड पर सोमवार को एक बड़ा रेल हादसा उस समय टल गया, जब हिलसा रेलवे स्टेशन के समीप एक खाली मालगाड़ी की चार बोगियां बेपटरी हो गईं। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरातफरी मच गई और इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह बाधित हो गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।जानकारी के अनुसार, खाली मालगाड़ी फतुहा से नटेसर की ओर जा रही थी। हिलसा स्टेशन में प्रवेश के दौरान अचानक उसके चार डिब्बे पटरी से उतर गए। सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधक ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद पटना से राहत एवं बचाव दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। जीआरपी और आरपीएफ की टीम भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही है।हादसे का असर सड़क यातायात पर भी पड़ा। हिलसा-चिकसौरा मार्ग सहित कई रेलवे फाटक बंद होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।रेलवे के टीआई कुंदन कुमार ने बताया कि हादसे के समय मालगाड़ी की गति 15 किलोमीटर प्रति घंटे से भी कम थी। डिब्बे किन कारणों से बेपटरी हुए, इसका पता जांच के बाद ही चल सकेगा। मामले की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है।घटना के कारण दिल्ली से इस्लामपुर आने वाली मगध एक्सप्रेस मार्ग में प्रभावित हुई, जबकि पटना-इस्लामपुर लोकल ट्रेन को जटडुमरी जंक्शन पर रोकना पड़ा। इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस के परिचालन पर भी असर पड़ा है। रेलवे की टीम युद्धस्तर पर बहाली कार्य में जुटी है, ताकि जल्द से जल्द रेल परिचालन सामान्य किया जा सके।

## बेगागंज बाज़ार में फैंसी बाज़ार कपड़ा शोरूम का भव्य शुभारंभ, ग्राहकों में उत्साह



लोक तंत्र की आवाज

**गया जी।** बेगागंज बाज़ार में फैशन प्रेमियों के लिए एक नई सौगात के रूप में ₹फैंसी बाज़ार₹ कपड़ा शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। शोरूम का उद्घाटन जिला परिषद करिश्मा कुमारी एवं दुकान के ओनर के पिता साबिर हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला है।शोरूम में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए आधुनिक डिज़ाइन, ट्रेंडिंग फैशन और बेहतरीन गुणवत्ता वाले कपड़ों का आकर्षक संग्रह उपलब्ध कराया गया है। संचालकों ने बताया कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर उत्कृष्ट गुणवत्ता के परिधान उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, मोहम्मद इमरान आलम, मोहम्मद साबिर हुसैन, सूरज कुमार, मोहम्मद फरहान, जयलाल सॉ, एमडी शकील, एमडी इमरान, कामरान आलम, गणमान्य लोग और ग्राहक उपस्थित रहे। सभी ने शोरूम का भ्रमण किया तथा उपलब्ध कलेक्शन की सराहना की। शोरूम में हर वर्ग और हर अवसर के अनुरूप परिधानों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जो ग्राहकों को एक ही छत के नीचे बेहतर खरीदारी का अनुभव प्रदान करेगी। बेगागंज बाज़ार में फैंसी बाज़ार के शुभारंभ से क्षेत्र के लोगों को अब नवीनतम फैशन, बेहतर गुणवत्ता और आकर्षक डिज़ाइनों का एक नया विकल्प मिल गया है।

## लाइन स्ट्रिंगिंग को लेकर वारिसलीगंज में आज बाधित रहेगी बिजली



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज के बासोचक स्थित 132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र में 33के०वीझ्व पाली फीडर में दिनांक 14/07/2026 मंगलवार सुबह 12:00 से 15:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध की जानकारी देते हुए वारिसलीगंज के बासोचक स्तिथ 132/33 केवी ग्रिड के सहायक कार्यपालक अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 14/07/2026 दिन मंगलवार को वारिसलीगंज में 132/33 केवी अंबुजा लाइन में स्ट्रिंगिंग का कार्य है।इस बीच उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बिजली संबंधित अपने आवश्यक कार्य को पहले निबटा लें। ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो सके। सहायक कार्यपालक अभियंता ने बिजली बाधित होने को लेकर उन्होंने खेद प्रकट किया है।

## राजगीर में केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्यों का तीन दिवसीय संभागीय सम्मेलन शुरू

लोक तंत्र की आवाज



**राजगीर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा के तत्वावधान में तीन दिवसीय संभागीय प्राचार्य सम्मेलन का शुभारंभ सोमवार से राजगीर स्थित राजगीर रेजीडेंसी होटल में शुरू हो गया। सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं पर विचार-विमर्श करना है।कार्यक्रम का उद्घाटन नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. रमेश प्रताप सिंह परिहार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग के उपायुक्त अजय कुमार मिश्र, सह उपायुक्त पूर्णेन्दु मंडल एवं मनीष कुमार प्रभात सहित बड़ी संख्या में प्राचार्य और शिक्षक सम्मेलन में शामिल हुए।उद्घाटन सत्र में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में उपायुक्त अजय कुमार मिश्र ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्राचार्यों और शिक्षकों के योगदान की सराहना की।मुख्य अतिथि प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा और नवाचार के समन्वय पर बल दिया। उन्होंने प्राचीन 'पंच विद्याओं' शब्द विद्या, चिकित्सा विद्या, कला विद्या, शिल्प विद्या और अध्यात्म विद्या को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने सभी प्राचार्यों को नालंदा विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास एवं पुनरुत्थान से परिचित होने के लिए विश्वविद्यालय भ्रमण का आमंत्रण भी दिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर ने सभी अतिथियों, प्राचार्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद, सुषमा सिंह, किरण पांडेय, ज्योति, नेहा, रजत और राजीव पांडेय सहित कई शिक्षाविद मौजूद रहे।

## बहु की हत्या मामले में ससुर गिरफ्तार,भेजे गए जेल, पति पहले भेजा जा चुका है जेल,सास और ननद ने कोर्ट में किया था आत्मसमर्पण

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के अंधरवारी गांव में बीते 30 अप्रैल को बहू के हत्या मामले में पुलिस ने आरोपित ससुर को गिरफ्तार किया है। बीते 30 अप्रैल को अंधरवारी गांव निवासी कुंदन कुमार की पत्नी नेहा देवी की मौत संदेहास्पद रूप से हुई थी। नेहा के पिता अकबरपुर थाना क्षेत्र के कुलना गांव निवासी होमगार्ड रामाशीष प्रसाद ने नवादा सदर अस्पताल में ब्यान दिया था कि दामाद अमित कुमार ने नेहा की तबियत खराब होने की बात बताई थी। जब वे अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल कर्मियों ने द्वारा बताया गया कि उनकी बेटी मृत अवस्था में अस्पताल लाई गई थी। अस्पताल से बेटी के ससुराल के लोग लाश को छोड़ भाग गए थे। बेटी की मौत के बाद पीड़ित होमगार्ड द्वारा दामाद अमित कुमार, समधी विनोद सिंह व समधन किरण देवी के अलावे बेटी की ननद ऋचा कुमारी और सलोनी कुमारी के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दामाद अमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं नेहा की सास व ननद ने न्यायालय में आत्मसर्पण की थी। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि एसआई सचिन कुमार द्वारा हत्यारोपी अंधरवारी गांव निवासी स्व. रामनंदन सिंह के पुत्र विनोद सिंह को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से आवश्यक पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## एनएच-139 पर सड़क हादसे में युवक की मौत, बड़ा भाई घायल

लोकतंत्र की आवाज



**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता**
**दाऊदनगर**

दाउदनगर (औरंगाबाद), 13 जुलाई। दाउदनगर थाना क्षेत्र के एनएच-139 पर सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दाउदनगर थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव निवासी रामचंद्र पासवान के 29 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार हिमाचल प्रदेश में काम करने के लिए जाने वाले थे। उन्हें ट्रेन पकड़नी थी, जिसके लिए उन्होंने अपने बड़े भाई पिंटू कुमार से अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन छोड़ने का अनुरोध किया। दोनों भाई मोटरसाइकिल से स्टेशन के लिए निकले थे। इसी दौरान पासवा मोड़ के समीप सब्जी लदे एक पिकअप वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोलू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिंटू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है तथा पिकअप वाहन की पहचान एवं चालक की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने एनएच-139 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से प्रभावी यातायात व्यवस्था और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

## वारिसलीगंज पुलिस की बड़ी कामयाबी: 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत 22 लोगों को सौंपे गए उनके खोए हुए मोबाइल, खिले चेहरे

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-बिहार पुलिस के जनहित कल्याणकारी अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत वारिसलीगंज थाना परिसर में सोमवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी ने विभिन्न क्षेत्रों से बरामद किए गए कुल 22 (कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार करीब 30) एंड्रॉइड मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। महीनों पहले खो चुके अपने कीमती फोन को वापस पाकर उपभोक्ताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

**तकनीकी टीम की कड़ी मशक्कत से मिली सफलता:** थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि आम लोगों के मोबाइल खोने या चोरी होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस की तकनीकी शाखा, साइबर सेल और सीसीटीएनएस टीम ने लगातार सर्विलांस और वैज्ञानिक अनुसंधान का उपयोग किया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने बिहार के अलग-अलग जिलों समेत पड़ोसी राज्यों से इन मोबाइलों को ट्रैक कर बरामद करने में सफलता हासिल की।झारखंड के पीड़ितों को भी मिले फोन,जताया आभार मोबाइल प्राप्त करने वालों में न केवल स्थानीय लोग शामिल थे, बल्कि पड़ोसी राज्य झारखंड के पीड़ित भी वारिसलीगंज थाना पहुंचे थे। पीड़ितों ने बताया कि फोन गुम होने के बाद उन्हें दोबारा मिलने की उम्मीद पूरी तरह खत्म हो चुकी थी। फोन मिलने से न सिर्फ उनका आर्थिक नुकसान बचा, बल्कि उसमें मौजूद जरूरी दस्तावेज और यादें भी सुरक्षित मिल गईं। सभी ने नवादा पुलिस और वारिसलीगंज थाना प्रशासन की कार्य शैली की जमकर सराहना की।

**टीम में ये रहे शामिल :** इस सफल रिकवरी अभियान और समारोह के आयोजन में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी के साथ एसआई सुशील कुमार पीएसआई मनोज कुमार राय सीसीटीएनएस टीम के मंटू कुमार, रोहित कुमार और अनवर अंसारी की मुख्य और सराहनीय भूमिका रही।

## राजगीर के गर्म कुंडों की सूखती धाराओं पर सरकार गंभीर: श्रवण कुमार

लोक तंत्र की आवाज



**राजगीर।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने ब्रह्मकुंड परिसर स्थित विभिन्न गर्म जल कुंडों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ कुंडों की धाराओं से पानी पूरी तरह बंद है, जबकि कुछ में पानी का प्रवाह काफी कम हो गया है।मंत्री ने कहा कि कुंडों की धाराओं में पानी कम होने अथवा सूखने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों से विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पंडा कमेटी के कुछ सदस्यों ने जानकारी दी है कि पंचम पहाड़ के ऊपर स्थित भेलवा ढोव तालाब की उड़ाही (सफाई) कराए जाने की आवश्यकता है, जिससे जलस्रोतों को लाभ मिल सकता है।उन्होंने यह भी कहा कि कुछ स्थानों पर बोरिंग के माध्यम से गर्म पानी निकाले जाने की जानकारी मिली है। यदि जांच में यह पाया जाता है कि बोरिंग के कारण कुंडों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, तो संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व में भी वर्षा की कमी के कारण कुंडों की धाराओं में पानी का प्रवाह घटने की स्थिति सामने आ चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि इस वर्ष भी पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण कुछ कुंडों की धाराओं से पानी कम निकल रहा है या पूरी तरह बंद हो गया है।निरीक्षण के दौरान जदयू नेता मुन्ना कुमार, अजीत कुमार उपाध्याय, अश्विनी कुमार उपाध्याय, बाल्मीकि कुमार उपाध्याय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियावां में 'स्कूल चलो अभियान' के द्वितीय चरण के तहत निकली भव्य शिक्षा रथ रैली




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। ब्लॉक संसाधन केंद्र हरियावां पर आज 'स्कूल चलो अभियान' रैली के द्वितीय चरण का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिक्षा रथ को उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियावां की प्रधानाध्यापिका श्रीमती पंकज कुमारी एवं विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस जागरूकता रैली में उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियावां, उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या हरियावां तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। रैली के दौरान बच्चे हाथों में तख्तियां लिए और बेहद जोश के साथ ₹आधी रोटी खाएंगे, स्कूल हम जाएंगे₹ जैसे गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। शिक्षा रथ के साथ बच्चों ने हरियावां गांव की विभिन्न गलियों और मजरों का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों और अभिभावकों से अपील की गई कि वे शिक्षा के महत्व को समझें और अपने बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन नजदीकी सरकारी स्कूलों में अवश्य करवाएं।रैली को सफल बनाने में शिक्षक समुदाय और विभागीय कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर सहयोग किया। इस मौके पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष आशीष दीक्षित, दिव्यांशु मिश्रा, पूजा दीक्षित, मीना यादव, मंजूलिका त्रिपाठी, सविता, रोली देवी, अश्वनी सिंह, रवि सिंह, पारस रस्तोगी, मीनाक्षी, रजनीश कुमार, राजीव कुमार, छाया पांडे, माधुरी, अरविंद कुमार सहित भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं और बीआरसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई मे जिलाधिकारी ने सुनी 71 शिकायते

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। आज कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 71 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे नगर मजिस्टेªट संजय कुमार व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीपीएस से प्रोन्नत 28 IPS अधिकारियों को जल्द मिलेंगी तैनाती, सीनियर अफसरों का भी होगा ट्रांसफर




लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। राज्य में पीसीएस और आईएएस अफसरों के तबादले के बाद आईपीएस अधिकारियों की तैनाती में बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। इसी माह पीपीएस से आईपीएस के पद पर पदोन्नत 28 अधिकारियों की नई तैनाती को लेकर इस बदलाव के तहत कई जिलों के पुलिस प्रमुखों का भी बदला जाना तय माना जा रहा है। आईपीएस अधिकारियों की नई तैनाती को अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से भी जोड़ कर देखा जा रहा है।संघ लोक सेवा आयोग ने पहली जुलाई को विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश के बाद राज्य के 28 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस के पद पर पदोन्नत किया था। इनमें कमल किशोर, सुरेश चन्द्र रावत, शुएब इकबाल, राहुल मिठास, आलोक कुमार शर्मा, राज कुमार, महेश सिंह अत्रि, विनीत भटनागर, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, शशि शेखर सिंह, कुलदीप सिंह, ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद, हरेन्द्र प्रताप यादव, वंशराज सिंह यादव,डा. कृष्ण गोपाल, मधुवन कुमार सिंह, कपिल देव सिंह, बलवंत कुमार चौधरी, राहुल श्रीवास्तव, राजेश कुमार पांडेय, प्रीति बाला गुप्ता, विकास चन्द्र त्रिपाठी, पुर्णेन्दु सिंह, हरेन्द्र कुमार, मार्तण्ड प्रकाश सिंह, अभय नाथ त्रिपाठी,पवित्र मोहन त्रिपाठी व देवेश कुमार शर्मा शामिल हैं।

### यूपी में फार्मेसी डिप्लोमा के छात्रों के लिए राहत, अधिक फीस वसूलने वाले संस्थानों की मान्यता होगी रद्द



लोक तंत्र अवाज़
रत्ना
लखन। फार्मेसी डिप्लोमा में प्रवेश करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। निजी फार्मेसी संस्थान में आप निर्धारित फीस ही जमा करें। संस्थान यदि अधिक फीस की मांग करता है तो आप संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद से शिकायत कर सकते हैं। परिषद की ओर से ऐसी संस्थानों की मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी गई है। प्रदेश में इस वर्ष राजधानी समेत करीब 1,800 फार्मेसी संस्थानों में लगभग 1.20 लाख सीटों पर प्रवेश होंगे। इनमें जौनपुर, प्रयागराज और लखीमपुर खीरी के राजकीय फार्मेसी संस्थानों की फीस 12,000 रुपये वार्षिक निर्धारित की गई है। निजी संस्थानों की फीस 45 हजार रुपये निर्धारित है।इसके बावजूद कई निजी संस्थानों में अभ्यर्थियों से 80 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की मनमानी वसूली की जाती है। आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों का प्रवेश नहीं हो पाता। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर विकल्प भरने, दस्तावेजों का सत्यापन कराने और सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### लखनऊ में रोहित मिश्रा के काफिले ने लगाया जाम, तलवार लहराते दिखे युवा मोर्चा अध्यक्ष



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। एक ओर प्रधानमंत्री ने मंत्रियों, विधायकों और जन प्रतिनिधियों और आम लोगों से राष्ट्रहित में ईंधन बचाने और काफिले में कम गाड़ियां लेकर चलने की अपील की है। दूसरी ओर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा रविवार को सैकड़ों गाड़ियों के साथ हजरतगंज स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जियामऊ पेट्रोल पंप के पास सड़क पर उनके स्वागत के लिए टेंट लगाया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें तलवार और गदा भेंट किया। प्रदेश अध्यक्ष ने तलवार लहराई। लंबे काफिले के कारण रविवार होने के बाद भी 1090 से भाजपा मुख्यालय तक दोपहर में जाम लगा रहा। रोहित मिश्रा लाव–लश्कर के साथ रविवार को पहुंचे थे पदभार संभालने रविवार को भाजपा मुख्यालय में उनका पदभार ग्रहण कार्यक्रम था। इसे लेकर सुबह से ही 1090 चौराहे से लेकर भाजपा मुख्यालय तक प्रदेश के अलग–अलग शहरों से कार्यकर्ता पहुंचे। बड़ी संख्या में वाहनों के आने से 1090 चौराहा, जिया मऊ, पार्क रोड, हजरतगंज चौराहा, धेनुमति अपार्टमेंट और आसपास के इलाकों में वाहनों की कतार लग गई।

# तहसील बिलग्राम:उपनिबंधक कार्यालय के स्थानांतरण के विरोध में वकीलों का आंदोलन जारी,न्यायिक कार्य से रहेंगे विरत



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** संयुक्त बार एसोसिएशन, तहसील बिलग्राम (जनपद हरदोई) की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार (13 जुलाई 2026) को सुबह 11:00 बजे आयोजित की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह बैठक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रामप्रसाद आर्य एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आंदोलन को आगे भी जारी रखने और न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया है।प्रमुख मुद्दे और आंदोलन की समीक्षाबैठक के दौरान उपनिबंधक कार्यालय (रजिस्ट्री ऑफिस) को पुरानी तहसील बिलग्राम से नई तहसील परिसर में स्थानांतरित किए जाने के विरोध में चल रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस संबंध में जनपद हरदोई के सभी उच्च अधिकारियों को पहले ही सूचना और ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक इस विषय पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। बार एसोसिएशन ने प्रशासन पर इस जनहित की समस्या के प्रति उदासीन रहने का आरोप लगाया है।

संडीला और शाहाबाद बार एसोसिएशन को मिला समर्थन:-इस बैठक में बिलग्राम के अलावा अन्य तहसीलों के मुद्दों पर भी चर्चा की गई तहसील संडीला के तहसीलदार की कार्यप्रणाली को लेकर वहां के अधिवक्ता संघ द्वारा पारित प्रस्ताव पर चर्चा हुई।तहसील शाहाबाद: शाहाबाद के एसडीएम (SDM) के कृत्यों के विरुद्ध वहां के अधिवक्ता संघ द्वारा किए जा रहे विरोध पर विचार-विमर्श किया गया।

संयुक्त बार एसोसिएशन बिलग्राम के सभी सम्मानित सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए अधिवक्ता संघ संडीला और अधिवक्ता संघ शाहाबाद के प्रस्तावों का पूर्ण समर्थन किया है। उनके सहयोग में बिलग्राम के समस्त अधिवक्ता भी न्यायिक कार्य से पूरी तरह विरत रहेंगे।

अगली बैठक 20 जुलाई को:- बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह आंदोलन पूर्व की भांति लगातार चलता रहेगा और अधिवक्तागण न्यायिक कार्य नहीं करेंगे।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि मामले की अगली बैठक दिनांक 20 जुलाई 2026 को बुलाई जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय होगी।इस दौरान मुख्य रूप से संयोजक नीलमणि सिंह एडवोकेट, अध्यक्ष रामप्रसाद आर्य एडवोकेट और महामंत्री प्रेम कुमार अग्निहोत्री एडवोकेट अब्दुल सईद एडवोकेट रिंकू एडवोकेट सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हरदोई में गांवों की आमदनी बढ़ने के साथ सुधरेगी व्यवस्था, पोर्टल पर दक्ष होंगे 1567 पंचायत कर्मी

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले के 19 ब्लाकों के 1567 पंचायत कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में होने वाले इस प्रशिक्षण को लेकर शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। प्रशिक्षण 15 जुलाई से छह अगस्त के मध्य ब्लॉकों पर दिया जाएगा।जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए जिला पंचायती राज विभाग ने कमर कस ली है।

ग्रामीण स्तर पर सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, राजस्व सृजन और तकनीकी सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिले के सभी 19 विकास खंडों में ग्राम पंचायत सचिवों और पंचायत सहायकों के लिए विशेष एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का विस्तृत रोस्टर जारी कर दिया गया है।इस बार का विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण मुख्य रूप से दो तकनीकी और प्रशासनिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहेगा। पहला ग्राम पंचायत विकास योजना के प्रभावी निर्माण और पोर्टल पर अपलोडिंग की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण होगा तो दूसरा ग्राम पंचायतों की स्वयं के स्त्रोतों से आय बढ़ाने, ओएसआर पोर्टल के संचालन तथा ग्रामीण सेवाओं की सुलभ आपूर्ति को लेकर होगा।बताया कि अभियान के तहत जिले भर से कुल 1567 कर्मियों, प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें 1293 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, कर्मी, 1293 पंचायत सहायक तथा 274 ग्राम पंचायत सचिव शामिल हैं। प्रशिक्षण को लेकर तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिया गया है। प्रशिक्षण 15 जुलाई से शुरू करा दिए जाएंगे, जोकि छह अगस्त तक होंगे।

**लापरवाही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई:**-जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने स्पष्ट किया है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। किसी भी स्तर पर अनुपस्थिति या ढिलाई पाए जाने पर संबंधित कर्मी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने समस्त सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने स्तर से सभी सचिवों और पंचायत सहायकों को समय से सूचित कर प्रशिक्षण में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

## बिजनौर धामपुर में युवक का शव फांसी पर लटका मिला: बुजुर्ग मां के साथ घर में रहता था, पुलिस जांच में जुटी

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट मुकेश**
**बिजनौर।** थाना धामपुर क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक का शव उसके घर के कमरे में पंखे से फांसी के फंदे पर लटका मिला।परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान मोहल्ला बाड़वान निवासी 30 वर्षीय विशाल वर्मा के रूप में हुई है।विशाल वर्मा शनिवार रात करीब 9 बजे घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। जब उसकी बुजुर्ग मां ने उसे आवाज दी और वह बाहर नहीं आया, तो उन्होंने खिड़की से देखा।विशाल पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया। मां के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने जांच-पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक विशाल अपने पिता सतीश वर्मा की मृत्यु के बाद से अपनी बुजुर्ग मां के साथ घर में रहता था। उसका एक छोटा भाई बाहर रहता है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।मामले की कई पहलुओं से जांच शुरू की। धामपुर के सीओ अंजनी कुमार ने बताया कि डिप्रेशन में चल रहा था। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिजनौर मंडावली थाना प्रभारी के खिलाफ पत्रकारों का फूटा आक्रोश कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट पायल कुमारी**
**बिजनौर।** नजीबाबाद सर्किलथाना मंडावली के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा एक पत्रकार के साथ कथित अभद्र व्यवहार तथा हवालात में डालने की धमकी से जुड़े वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना को लेकर जनपद बिजनौर के विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकारों ने इसे प्रेस की गरिमा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

इसी क्रम में 12 जुलाई 2026 को नजीबाबाद ब्लॉक परिसर स्थित डबाकरा हॉल में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों पत्रकारों ने भाग लिया और घटना पर गहन चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से आगे की रणनीति तय की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 जुलाई 2026 को क्षेत्राधिकारी (सीओ) नजीबाबाद को पुलिस अधीक्षक के नाम तथा उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नजीबाबाद के माध्यम से जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से थाना प्रभारी मंडावली राकेश कुमार के विरुद्ध उचित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि यदि दो दिनों के भीतर थाना प्रभारी मंडावली का स्थानांतरण अथवा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो समस्त पत्रकार संगठन थाना मंडावली के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे पत्रकार समाज के सम्मान और स्वतंत्र पत्रकारिता से जुड़ा विषय है,जिस पर सभी एकजुट हैं।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन ने की, जबकि संचालन शहजाद मलिक ने किया। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि पत्रकारों के सम्मान एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा इस अवसर पर नौशाद सैफी विपिन ठाकुर शकीरा तलवार आतिफ हुसैन उर्फ अक्की जाकी मलिक शेर खान अवधेश शर्मा शहजाद मलिक जितेंद्र जैन नसीम उस्मानी जीशान नजीबाबाद अल्ताफ राजा निरपाल सिंह जुनेजा नवाब अली महेश कुमार आदि बहुत बड़ी तादाद में उपस्थित रहे।

# बिजनौर पत्रकारों ने प्रशासन को दिया दो दिन का समय, मंडावली प्रकरण पर आंदोलन का ऐलान

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**बिजनौर।** मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार से जुड़े एक कथित वायरल वीडियो के बाद जनपद के पत्रकारों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। पत्रकारों का आरोप है कि एक पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उन्हें हवालात में डालने की धमकी दी गई। इस घटना को पत्रकारों ने प्रेस की गरिमा और सम्मान से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठाई है।

इसी मुद्दे पर रविवार, 12 जुलाई 2026 को नजीबाबाद ब्लॉक परिसर स्थित डबाकरा हॉल में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों पत्रकारों ने भाग लिया और घटना पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तय की।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 जुलाई 2026 को क्षेत्राधिकारी (सीओ) नजीबाबाद के माध्यम से पुलिस अधीक्षक तथा उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नजीबाबाद के माध्यम से जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में मंडावली थाना प्रभारी के विरुद्ध निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

पत्रकारों ने स्पष्ट किया कि यदि दो दिनों के भीतर मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार के विरुद्ध कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जाती है,

**■ 13 जुलाई को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपने का लिया गया निर्णय**

तो जनपद का पत्रकार समाज थाना मंडावली के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन शुरू करेगा। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारों के सम्मान और निष्पक्ष कार्य करने के अधिकार से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन ने की, जबकि संचालन शहजाद मलिक ने किया। उपस्थित पत्रकारों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और इस मामले में न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

## 12 अक्टूबर 2026 दिन सोमवार द्वितीय नवरात्र को देवबन्द नगर में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



**लोक तंत्र की आवाज**
**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** उत्तर प्रदेश वैश्य अग्रवाल ट्रस्ट के प्रांतीय अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने प्रेस को जारी वक्तव मे जानकारी देते हुए बताया कि वैश्य शिरोमणि श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसैन जी जयंती के उपलक्ष मे इस वर्ष भी महाराजा अग्रसैन जी कि शोभायात्रा देवबन्द नगर मे निकाली जाएगी ।नितिन गुप्ता ने कहा कि परम्परागत रूप निकाले जाने वाली शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए हनुमान चौक स्तिथ कार्यालय पर प्रमुख पदाधिकारियों के साथ आज बैठक आयोजित कि गयी। कोषाध्यक्ष गगन मित्तल ने कहा कि शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन महाराजा अग्रसैन की जयंती मनायी जाती है जो की 1 माह तक चलती है ।जल्द ही शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए संयोजको की नियुक्ति की जाएगी इस अवसर पर निखिल अग्रवाल, रोहित बंसल,मनमोहन गर्ग आदि मौजूद रहे।

# मॉब लिंचिंग से बचने के लिए वेशभूषा बदलने की सलाह दुर्भाग्यपूर्ण: मौलाना महमूद मदनी

**लोक तंत्र की आवाज**

**असद सिद्दीकी**
**देवबंद/सहारनपुर।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने पूर्व आईएएस अधिकारी नियाज़ खान के उस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने मुसलमानों को मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं से बचने के लिए अपनी पारंपरिक वेशभूषा बदलने और दाढ़ी, टोपी, कुर्ता-पायजामा जैसे पहचान-चिह्नों से दूरी बनाने की सलाह दी थी।

जारी बयान में मौलाना मदनी ने कहा कि यह सलाह न केवल वास्तविक तथ्यों की अनदेखी करती है, बल्कि समस्या का गलत आकलन भी प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि किसी जिम्मेदार और वरिष्ठ व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का सुझाव देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

मौलाना मदनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं की जड़ किसी व्यक्ति की दाढ़ी, टोपी, हिजाब या पारंपरिक पहनावे में नहीं है, बल्कि उन लोगों की मानसिकता, कट्टरता और नफरत में है जो कानून को अपने हाथ में लेने का दुस्साहस करते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक समस्या उस माहौल की है, जहां भीड़ स्वयं को कानून से ऊपर समझने लगती है और हिंसा को अंजाम देती है।

उन्होंने कहा कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने और उन्हें दंडित करने के बजाय पीड़ित समुदाय से अपनी पहचान बदलने की अपेक्षा करना न तो न्यायसंगत है और न ही संविधान की भावना के अनुरूप। उनका कहना था कि यदि समाज में कानून का राज स्थापित करना है, तो अपराधियों के खिलाफ निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई



सुनिश्चित करनी होगी।

अपने तर्क को मजबूत करते हुए मौलाना मदनी ने देश में हुई कई चर्चित मॉब लिंचिंग की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने वर्ष 2015 में उत्तर प्रदेश के दादरी में मोहम्मद अखलाक की हत्या, वर्ष 2018 में राजस्थान के अलवर में अकबर खान की हत्या तथा उत्तर प्रदेश के कासिम कुरैशी की मॉब लिंचिंग का हवाला दिया इसके अलावा उन्होंने वर्ष 2019 में झारखंड में तबरेज अंसारी की हत्या वर्ष 2023 में राजस्थान के भरतपुर में नासिर और जुनैद को वाहन सहित जिंदा जलाए जाने तथा वर्ष 2025 में हरियाणा के चरखी दादरी में बंगाली मुस्लिम प्रवासी मजदूर साबिर मलिक की हत्या का भी उल्लेख किया

मौलाना मदनी ने कहा कि इन सभी मामलों में पीड़ितों की वेशभूषा या पारंपरिक पहचान हिंसा का वास्तविक कारण नहीं थी उनका कहना था कि ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं की समस्या कपड़ों या भरी पहचान से नहीं बल्कि नफरत फैलाने वाली सोच और हिंसक मानसिकता में है

इतिहास का संदर्भ देते हुए उन्होंने बोस्निया के मुसलमान का उदाहरण दे दिया उन्होंने कहा की घोषणा के मुसलमान अपने पड़ोसियों की तरह की भाषा बोलते थे और उनका पहनावा भी लगभग समान था इसके बावजूद उन्हें भीषण नरसंहार और मानवीय अत्याचारों का सामना करना पड़ा इससे स्पष्ट होता है कि नफरत और सांप्रदायिक हिंसा का संबंध किसी व्यक्ति की वेशभूषा से नहीं बल्कि हमलावरों की विचारधारा और मानसिकता से होता है मौलाना महमूद मदनी में आदमी कहा कि समाज में शांति कानून का सम्मान और सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार तथा कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी है उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंसा के शिकार लोगों को अपनी पहचान बदलने की सलाह देने के बजाएं आवश्यक है कि अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो और ऐसा माहौल बनाया जाए जहां प्रत्येक नागरिक बिना भय के अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ सम्मान पूर्वक जीवन जी सके।

## संक्षिप्त खबरें।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो में एमपीडब्ल्यू कार्यों का गई समीक्षा बैठक



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। बोरियो प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो के सभागार में बीते दिन सोमवार को डॉ पंकज कुमार प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी के अध्यक्षता में वीबीडी से सम्बंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार ने सभी एमपीडब्ल्यू को उनके द्वारा किए गए कार्यों को लेकर समीक्षा की गई साथ ही साथ कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही बरसात के दिनों में मौसमी बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। जिसको देखते हुए प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी ने उपस्थित सभी एमपीडब्ल्यू को अपने अपने सर्किल क्षेत्र अंतर्गत विशेष निगरानी को कहा गया एवं मलेरिया प्रभावित गांवों को सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर मलेरिया मास सर्वे, बुखार सर्वे, सभी बुखार पीड़ित मरीजों को अवश्य जांच करें। मलेरिया धनात्मक पाए जाने पर तुरंत उपचार करने का निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित डॉ विवेक कुमार भारती चिकित्सक पदाधिकारी,विष्णु कुमार भगत बीपीएम,मनोहर पंडित एमटीएस एवं सभी एमपीडब्ल्यू सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### खारिया पिपरा संपर्क पथ यथाशीघ्र शुरू हो की मांग को लेकर श्री शौकनी चौधरी से मिले: करहरिया दक्षिण पंचायत के मुखिया संजय कुमार सिंह



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह
ब्यूरो चीफ मुंगेर। प्रखंड बरियारपुर, ग्राम पंचायत करहरिया दक्षिणी के मुखिया संजय कुमार सिंह ने आज तारापुर आवास पर बिहार सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री आदरणीय श्री सम्राट चौधरी जी के पिताजी श्री शकुनी चौधरी जी से मुलाकात कर मुंगेर–मिर्जाचौकी फोरलाइन पर खड़िया–पीपरा सड़क के सम्पर्क पथ के कार्य को यथाशीघ्र शुरू कराने का आग्रह किया। उनको 3 दिन पहले धरना देने की भी बात बताई। उन्होंने उसी समय SDO और SDM साहेब से बात कर कार्य को जल्द शुरू कराने का आदेश दिया है। साथ ही #स्वास्थ्य_उपकेन्द्र( Health & Welness center)जो निर्माणधीन है उनको भी जल्द शुरू करवाने का आग्रह किया ताकि हमारे पंचायतवासियों को प्राथमिक इलाज के लिए 8-10 km दूर नहीं जाना पड़े।

### घर आंगन में चहकने वाली पक्षी की गिरती संख्या से व्याकुल हूं पक्षी और पर्यावरण को बचाना हम लोगों का परम कर्तव्य है : समाजसेवी मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह
ब्यूरो चीफ मुंगेर। जिले के अंतर्गत सारोबाग पंचायत के भलार ग्राम निवासी धरहरा प्रखंड के चर्चित पूर्व खेल सितारे एवं सामाजिक कार्यकर्ता (भलार ग्राम निवासी) मुकेश कुमार तोमर (उर्फ) चंचल सिंह समाजसेवी पर्यावरण पारिस्थिति की सामाजिक सरोकार के प्रति हमेशा समर्पित और चिंतित कुछ करने के लिए उत्सुक रहने वाले, मुकेश कुमार तोमर (उर्फ) चंचल सिंह पक्षी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति काफी चिंतित है। मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह ने बातचीत में बताया कि बचपन में हमारे घर आंगन में चहकने वाली, फुदकने वाली चिड़िया (पक्षी) की गिरती संख्या से मैं काफी व्याकुल हूं। उन्होंने बताया कि पक्षी और पर्यावरण का संरक्षण समाज के लोगों का भी दायित्व बनता है। हम सब लोग मिलकर पक्षी और पर्यावरण संरक्षण के लिए कुछ करें। उन्होंने बताया पक्षी और पर्यावरण संरक्षण पक्षियों की प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाने और पर्यावरण के संतुलन को कायम रखना है! पक्षी परिस्थिति की तंत्र के अभिन्न अंग है, जो हानिकारक किरो को नष्ट करते हैं और बीज,फैलाकर वनों का विस्तार करते है, वर्तमान में प्रदूषण व वनों की कटाई से इनका जीवन खतरे में है.! समाज से भी मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह ने बताया हम अपना योगदान इस प्रकार दे सकते हैं अधिक से अधिक फलदार और छायादार वृक्ष लगाए ताकि पक्षियों को प्राकृतिक आश्रय और भोजन मिल सके! दाने पानी का व्यवस्था होना चाहिए, रासायनिक दावों का उपयोग बहुत कम करें, आम जनमानस में पर्यावरण सुरक्षा और पक्षी संरक्षण के महत्व को समझाएं समझे और अन्य लोग

### वर्षों से खराब चापाकल को ठीक कराया गया



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती, कहलगांव। कहलगांव अनुमंडल के सियों पंचायत के हरवंदपुर मध्य विद्यालय में पिछले लगभग 3 वर्षों से बंद पड़े चापाकल को आज माननीय विधायक मुरारी पासवान के निर्देश एवं पहल के बाद ठीक करा दिया गया। ग्रामीणों ने स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य की निगरानी की। संबंधित अभियंता (JE) से लगातार संपर्क कर कार्य को शीघ्र पूरा कराया गया। विद्यालय के बच्चे अब चापाकल का उपयोग कर रहे हैं। शुरुआती समय में पानी थोड़ा गंदा आ रहा है, जो कुछ देर उपयोग के बाद पूरी तरह साफ हो जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बीपीएससी चयनित अभ्यर्थियों का किया गया सम्मान, शिक्षा व सामाजिक एकजुटता पर जोर





लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
**बिहपुर नवगछिया।** बीपीएससी परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करने वाले चयनित पदाधिकारियों के सम्मान में रविवार को नवगछिया स्थित होटल इन में राष्ट्रीय वैश्य महासभा की ओर से सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बीपीएससी एवं अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित अधिकारियों को अंगवस्त्र, पुष्पमाला और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व उद्योग मंत्री समीर महासेठ थे। विशिष्ट अतिथियों में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पी.के. चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर पोद्दार, गोपालपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश भगत, उमेश शर्मा, अंग जनपद वैश्य मंच के संस्थापक विशेष आर्य, व्यवसायी मदन गोपाल तथा कार्यक्रम के आयोजक पिकू पोद्दार शामिल रहे। मंच संचालन कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉ. संजीव कुमार पोद्दार ने किया, जबकि अध्यक्षता सुरेश भगत ने की।

समीर महासेठ ने कहा कि वैश्य समाज अब शिक्षा और राजनीति दोनों क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के संघर्ष और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय वैश्य महासभा समाज के युवाओं के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत कर समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का भी आह्वान किया।

विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार ने कहा कि वैश्य समाज अब केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासन, शिक्षा और राजनीति में भी नई पहचान बना रहा है। वहीं डॉ. पी.के. चौधरी, नंदकिशोर पोद्दार, विशेष आर्य और मदन गोपाल ने शिक्षा, सामाजिक एकता तथा अधिकारों के लिए संगठित होने पर बल दिया।

समारोह में बीपीआरओ काजल कुमारी, एसडीएम रिमझिम कुमारी, डीएसपी अविनाश कुमार, एसडीएम निधि कुमारी, एसडीपीओ वरुण कुमार, एसडीएम अनुराग कुमार, एपीओ मुस्कान कुमारी, बीडीओ साक्षी कुमारी, बीपीआरओ संतोष कुमार, एसडीएम निखिल कुमार रुंगटा, आरओ श्वेतांग शेखर, आयकर आयुक्त मोनालिसा कुमारी, एसडीएम अश्वनी कुमार, डॉ. निशांत कुमार, सुजाता कुमारी, डॉ. मनोज शाह, बीपीआरओ रोहित कुमार सहित कई सफल अभ्यर्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अंत में उमेश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## समस्तीपुर : 25 जुलाई को अंचल-प्रखंड घेराव करेगी खेग्रामस-माले



लोकतंत्र की आवाज

**ताजपुर/समस्तीपुर।** भाकपा माले प्रखंड कमिटी की एक बैठक सोमवार को ताजपुर प्रखंड के हरिशंकर बघौनी निवासी मुकेश कुमार गुप्ता के आवास पर प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता एवं पार्टी के पोलिट ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा के आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में खेग्रामस के सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए संगठन से छह हजार दलित-गरीब मजदूरों को जोड़ने तथा पंचायत स्तर तक संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने का निर्णय लिया गया।

नेताओं ने कहा कि भूमिहीनों को वासभूमि,सरकारी जमीन पर बसे परिवारों को पर्चा, आवास एवं पहुंचपथ उपलब्ध कराने,बंद वृद्धावस्था,विधवा एवं विकलांग पेंशन तथा रद्द राशनकार्डों को पुनर्बहाल करने की मांग को लेकर निर्णायक आंदोलन चलाया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि बैठक को संबोधित करते हुए धीरेंद्र झा ने कहा कि केंद्र और राज्य की नीतियों का लाभ आम जनता की बजाय बड़े कॉरपोरेट घरानों को पहुंचाया जा रहा है। वहीं धीरेंद्र झा ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में हुई चोरी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस मंदिर को करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र बताया गया, वहां सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने वाली घटनाएं चिंताजनक हैं।

बैठक में योगियामठ, बहेलिया टोला सहित विभिन्न गांवों की जर्जर सड़कों के निर्माण की मांग भी उठाई गई। निर्णय लिया गया कि इन मांगों को लेकर आंदोलन की पहली कड़ी के रूप में 25 जुलाई को जुलूस निकालकर ताजपुर अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। साथ ही नगर परिषद एवं प्रखंड क्षेत्र की दलित-गरीब बस्तियों में व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को संगठित किया जाएगा। माले प्रखंड कमिटी सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह,प्रभात रंजन गुप्ता, राजदेव प्रसाद सिंह,शंकर महतो,मो.शाद तौहीदी,मो. क्यूम,मुकेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह,मुंशीलाल राय,संजीव राय,मनोज साह, मो.अबुबकर,अजीत कुमार सिंह एवं बस्साम तौहीदी सहित अन्य नेताओं ने बैठक में अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

## जय भीम एससी सोसायटी का गठन



लोकतंत्र की आवाज़
**साहिबगंज।** बरहेट पेटखसा गांव में सोमवार को जय भीम एससी सोसायटी की बैठक की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से सोसायटी के संचालन के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। सदस्यों ने जीतू दास को सोसायटी का अध्यक्ष जबकि गणेश बागति को सचिव बनाया है। इस समिति का कोषाध्यक्ष विवेक दास को बनाया है। इस चयन में उपाध्यक्ष राजा बागती, प्रेमलाल बागती व उपेंद्र दास को उपसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्मल दास, भीम बागती को मीडिया प्रभारी तथा सूरज दास को प्रशासन प्रभारी मनोनीत किया गया है। इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, समाज के उत्थान, शिक्षा, सामाजिक एकता तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। नवचयनित पदाधिकारियों ने समाजहित में सक्रिय रूप से कार्य करने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर महेश बागती, अमित दास, गौतम दास, विजय बागती सहित अन्य सदस्य थे।

## घाटों को मिलेगा नया स्वरूप, 16 करोड़ से बन रहे आधुनिक सीढ़ी घाट

लोकतंत्र की आवाज

**विद्यापतिनगर/समस्तीपुर।** वर्षों से सुरक्षित घाट की प्रतीक्षा कर रहे प्रखंड के हरपुर बोचहा के लोगों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। गंगा की सहायक वाया नदी के किनारे 16 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे आधुनिक सीढ़ी घाट न केवल छठ और अन्य धार्मिक आयोजनों को सुविधाजनक बनाएंगे,बल्कि नदी तट के सौंदर्यीकरण,पर्यटन और बाढ़ के समय जनसुविधा का भी नया अध्याय लिखेंगे। हरपुर बोचहा पंचायत में वाया नदी का किनारा अब विकास और आस्था का नया केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है।



जल संसाधन विभाग की ओर से करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से वाया नदी पर चार आधुनिक सीढ़ी घाटों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। परियोजना पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं को सुरक्षित घाट की सुविधा मिलने के साथ-साथ नदी तट की तस्वीर भी पूरी तरह बदल जाएगी।

इस बाबत मुखिया प्रेमशंकर सिंह ने बताया कि उप मुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी की पहल पर हरपुर बोचहा पुल चौक,मध्य विद्यालय के समीप,पंचायत भवन, खनुआं घाट तथा बमौरा के निकट आधुनिक सीढ़ी घाट बनाए जा रहे हैं। निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक छठ महापर्व, कार्तिक स्नान और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को कच्चे घाटों पर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बारिश और बाढ़ के दिनों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती थी। पक्के सीढ़ी घाट बनने के बाद महिलाओं,बुजुर्गों और बच्चों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही बाढ़ के समय राहत एवं बचाव कार्यों में भी इन घाटों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

स्थानीय लोगों का मानना है कि यह परियोजना केवल घाट निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि वाया नदी के पूरे तट को नई पहचान देने वाली पहल है। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और क्षेत्र का सौंदर्य भी निखरेगा। इस ओर प्रमुख कृष्णा देवी,उपप्रमुख रामलखन साह,प्रो.संजीव कुमार सिंह,राम बाबू चौरसिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि यह हरपुर बोचहा के लिए एक ऐतिहासिक विकास कार्य है। आने वाले समय में यह घाट न सिर्फ आस्था का केंद्र होंगे,बल्कि पंचायत के विकास और पहचान के नए प्रतीक के रूप में भी स्थापित होंगे।

## इंडिया गठबंधन का हस्ताक्षर अभियान , "नगर परिषद जमालपुर की जनता की आवाज"

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह
**ब्यूरो चीफ मुंगेर।** जमालपुर नगर परिषद जमालपुर क्षेत्र की आम जनसमस्याओं को लेकर इंडिया गठबंधन ने चरणबद्ध आंदोलन का आगाज कर दिया है। जन आंदोलन के पहले चरण के तहत सोमवार को सदर बाजार स्थित बराट चौक पर विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।




इस अभियान में इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस, राजद, कम्युनिस्ट, सपा, आईआईपी सहित तमाम विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जनता से सीधा संवाद किया। कार्यकर्ताओं ने आम लोगों को हस्ताक्षर अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया और बताया कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे पानी, स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़क, सफाई आदि को लेकर एकजुट होकर प्रशासन और सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। जनता की आवाज को और मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों से हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। इन हस्ताक्षरों को एक ज्ञापन के रूप में संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जमालपुर की सम्मानित जनता से अपील की कि वे बड़ी संख्या में इस अभियान में शामिल हों और जनहित के इस आंदोलन को सफल बनाएं।

**उपस्थित प्रमुख लोग :** कार्यक्रम में कम्युनिस्ट अंचल अध्यक्ष कामरेड मुरारी प्रसाद, कांग्रेस नगर अध्यक्ष साईं शंकर, राजद नगर अध्यक्ष बम बम यादव, आईआईपी नगर अध्यक्ष अमित रंजन, आईआईपी युवा जिला अध्यक्ष मयंक राज उर्फ छोटू, सपा नेता रविकांत झा, कमलेश्वरी मंडल, अरविंद कुमार, मोहम्मद बरकत कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**दरभंगा।** जिला पदाधिकारी, दरभंगा श्री कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडलों के भूतपूर्व सैनिकों के प्रतिनिधियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान समिति के सचिव-सह-जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने कार्यसूची प्रस्तुत करते हुए सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, दरभंगा में SPARSH सेंटर के लिए कार्यालय उपलब्ध कराने, भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित भूमि विवादों का त्वरित निष्पादन, सैनिक हेल्प डेस्क को प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालित करने तथा बिहार सरकार के रिक्त पदों पर भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण संबंधी प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दे बैठक के समक्ष रखे।

बैठक में कर्पूरी चौक से ECHS पॉलीक्लिनिक तक जाने वाली सड़क का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराने की दिशा में आवश्यक पहल करने सहित अन्य सैनिक कल्याण संबंधी विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार ने बैठक में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सैनिक हेल्प डेस्क में लंबित मामलों एवं समस्याओं की अद्यतन सूची तैयार कर अगली अनुश्रवण समिति की बैठक में प्रस्तुत करें, ताकि सभी मामलों की समुचित समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की गई।

जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। सभी अनुमंडलों के भूतपूर्व सैनिक प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में SPARSH सेंटर हेतु कार्यालय उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। भूतपूर्व सैनिकों से जुड़े भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया। सैनिक हेल्प डेस्क को अधिक प्रभावी और सुचारू बनाने पर विचार किया गया।

बिहार सरकार के रिक्त पदों में भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण प्रावधानों के क्रियान्वयन की समीक्षा हुई। कर्पूरी चौक से ECHS पॉलीक्लिनिक तक सड़क निर्माण को प्राथमिकता देने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। संबंधित विभागों को आवश्यक एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। लंबित मामलों की अद्यतन सूची अगली बैठक में प्रस्तुत कर उनकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

## दरभंगा: राशन कार्ड निर्गत करने की प्रगति की जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज
**दरभंगा।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिले में राशन कार्ड निर्गत करने की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्गत करने के साथ-साथ अधिक से अधिक पात्र एवं वंचित परिवारों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, विकास मित्रों, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं तथा स्थानीय प्रतिनिधियों के सहयोग से पात्र लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त किए जाएं, ताकि कोई भी योग्य परिवार योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। बैठक में बताया गया कि दरभंगा जिले को कुल 15,268 नए राशन कार्ड निर्गत करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लक्ष्य की समयबद्ध पूर्ति के लिए जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को प्रतिदिन 509 राशन कार्ड तैयार कराने तथा आवेदन प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अगले सोमवार तक 4,000 नए राशन कार्ड जारी करने का विशेष लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी पात्र लाभार्थी का नाम किसी कारणवश राशन कार्ड से हट गया है, तो ऐसे लाभार्थियों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर उनका पुनः राशन कार्ड बनाया जाए।

## चुनाव: साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ मुंगेर के उदय शंकर बने सचिव

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह
**मुंगेर, 13 जुलाई 2026।** साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ मुंगेर का आम चुनाव सोमवार, 13 जुलाई 2026 को राधा डेंटल, मुंगेर के प्रांगण में शाम 6:00 बजे शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से भानु प्रकाश को अध्यक्ष, डॉ. उदय शंकर को सचिव, राजन कुमार एवं डॉ. प्रीति सुमन को उपाध्यक्ष, सुधा चौधरी एवं शांति भूषण को सहसचिव तथा रंजन शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अमीरुल इस्लाम, अभय नाथ कुमार, उपेंद्र यादव एवं अन्य सदस्यों का चयन किया गया।



नवनिर्वाचित सचिव डॉ. उदय शंकर ने कहा कि खेलों के महत्व को समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समझना होगा। उन्होंने कहा कि साइक्लिंग जैसे खेल बच्चों और युवाओं को नशे, अपराध तथा मोबाइल की बुरी लत से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे इस खेल से जुड़ सकते हैं। जो बच्चे सामान्य साइकिल चलाते हैं, वे उसी साइकिल से अभ्यास कर सकते हैं तथा मुंगेर में आयोजित होने वाली स्थानीय साइक्लिंग प्रतियोगिताओं में भी भाग ले सकते हैं।

अध्यक्ष भानु प्रकाश ने कहा कि इस खेल से जुड़कर बच्चे सरकारी नौकरी ले सकते हैं। "मेडल लाओ, जॉब पाओ" का अवसर साइक्लिंग के माध्यम से मिल सकता है। कोषाध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि मुंगेर जिले के अलग-अलग क्षेत्र से प्रतिभाशाली बच्चों को जोड़कर इस खेल को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्य अभय नाथ ने कहा कि खेल बच्चों को अनुशासित बनाता है और खेल में अच्छा करने वाले बच्चे पढ़ाई-लिखाई में भी बेहतर करते हैं। अमीरुल इस्लाम ने पूरे संगठन को बधाई दी और आश्वासन दिया कि इस कार्य को बेहतर ढंग से समाज के हर तबके तक पहुंचाकर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन में मदद की जाएगी।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा मुंगेर में साइक्लिंग खेल के व्यापक विकास और अधिक से अधिक बच्चों एवं युवाओं को इससे जोड़ने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सौरबाजार : महिला की बरामदगी को लेकर पति ने थाना में दिया आवेदन, अपहरण का लगाया आरोप



**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।** सौर बाजार थाना क्षेत्र के रुपौली गांव निवासी रामदेव प्रसाद यादव ने अपनी पत्नी मंजू देवी की बरामदगी को लेकर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कुछ लोगों पर उनकी पत्नी को जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार उनकी पत्नी मंजू देवी 7 जुलाई को अपने घर से पतरघट स्थित अपनी बहन के घर जाने के लिए निकली थीं। इसी दौरान मरनमा चौक के समीप घोघनपट्टी निवासी अर्जुन यादव, इंदु यादव, राहुल यादव एवं राजो यादव द्वारा उन्हें जबरन अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है। रामदेव यादव ने आवेदन में यह भी कहा है कि पत्नी की तलाश के दौरान जब वे संबंधित लोगों के पास पहुंचे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि उनकी पत्नी को कहीं बाहर ले जाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनकी देखभाल को लेकर परिवार चिंतित है। पीड़ित ने सौर बाजार थाना पुलिस से अपनी पत्नी की शीघ्र बरामदगी तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस को आवेदन प्राप्त हुआ है। समाचार लिखे जाने तक मामले की जांच जारी थी। पुलिस का कहना है कि जांच के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सहरसा : सौर बाजार पुलिस की कार्रवाई तेज, दो वारंटी गिरफ्तार



**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।** फरार अभियुक्तों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सौर बाजार थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए माननीय न्यायालय, सहरसा भेज दिया। पुलिस के अनुसार, नालसी केस संख्या 241/25 के अभियुक्त ललन ठाकुर, पिता जगरूप ठाकुर, निवासी खैरा, थाना सौर बाजार को गिरफ्तार किया गया। वहीं सौर बाजार थाना कांड संख्या 67/10 के गैर-जमानती वारंट से वांछित अभियुक्त जयकांत साह, पिता तुरंती साह, निवासी बखरी, थाना सौर बाजार को भी पुलिस ने दबोच लिया। दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय, सहरसा में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि अपराधियों और फरार वारंटियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून से बचने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बगहा : मानव तस्करी पर बगहा कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, तीन नाबालिग बच्चियों की तस्करी के प्रयास में मां-बेटे को आजीवन

## कारावास, एक-एक लाख रुपये का जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा व्यवहार न्यायालय ने मानव तस्करी के एक गंभीर मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए पश्चिम बंगाल के रहने वाले मां-बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-चतुर्थ मानवेंद्र मिश्र की अदालत ने नियोति देवी (43) और नागेश भुइयां (19) को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 143(5) के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोनों को तीन वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार, 22 जनवरी 2026 को मानव व्यापार निरोधक इकाई को सूचना मिली थी कि एक महिला और एक युवक तीन नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर पश्चिम बंगाल ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर नौरंगिया थाना पुलिस और मानव व्यापार निरोधक इकाई ने संयुक्त छापेमारी कर हल्दिया चौक के समीप दोनों आरोपितों को तीनों बच्चियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित बच्चियों को पश्चिम बंगाल ले जाकर बेचने की साजिश रच रहे थे। उनके पास से दो मोबाइल फोन तथा बगहा से आसनसोल तक के रेलवे टिकट भी बरामद किए गए थे। मामले की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के तहत हुई। 22 जून 2026 से गवाही शुरू हुई और अभियोजन पक्ष ने पांच गवाहों के बयान तथा दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध किए। न्यायालय ने पाया कि तीनों पीड़ित बच्चियां नाबालिग थीं और उन्हें मानव तस्करी के उद्देश्य से बिहार से पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था।

**संविधान के अधिकारों पर गंभीर हमला बताया:** अपने फैसले में न्यायालय ने कहा कि मानव तस्करी केवल किसी व्यक्ति के विरुद्ध अपराध नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 और 23 के तहत प्रदत्त जीवन, गरिमा और स्वतंत्रता के अधिकार पर गंभीर हमला है। इसी कारण मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को कठोर सजा सुनाई गई।

लोक अभियोजक (एपीपी) जितेंद्र भारती ने कहा कि यह फैसला मानव तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण मिसाल बनेगा और ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सहायक सिद्ध होगा।

### थैंक्यू डीएम अंकल' : बच्चों की पुकार पर तुरंत हुई कार्रवाई



लोकतंता की आवाज

**सहरसा संवाददाता**
नगर परिषद क्षेत्र स्थित नया प्राथमिक विद्यालय, कानूटोला के 101 छात्र-छात्राओं की जलजमाव की समस्या का समाधान जिला पदाधिकारी के त्वरित हस्तक्षेप से हो गया। बच्चों की भावुक अपील सामने आने के बाद डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिमरी बख्तियारपुर के एसडीएम आलोक राय को विद्यालय परिसर से जलनिकासी की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश के बाद एसडीएम ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) को फोन कर बिना विलंब कार्रवाई करने को कहा। इसके बाद नगर परिषद की टीम ने विद्यालय पहुंचकर परिसर में जमा पानी की निकासी कराई। जलनिकासी होने से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली। दरअसल, नया प्राथमिक विद्यालय का बुटता डीएम के निर्देश पर स्कूल परिसर से निकला पानी, 101 बच्चों को मिली जलजमाव से राहत हल्की बारिश होते ही विद्यालय परिसर में घुटनों तक पानी जमा हो जाता था। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों को अपनी किताबें, कापियां और स्कूल बैग बचाते हुए गंदे पानी से होकर कक्षा तक पहुंचना पड़ता था। परिसर में जलभराव के कारण फिसलकर चोट लगने का भी खतरा बना रहता था। इसके बावजूद बच्चे पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए प्रतिदिन विद्यालय पहुंच रहे थे। विद्यालय में नामांकित 101 बच्चों की इस परेशानी को लेकर प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने कई बार संबंधित विभागों से जलनिकासी और मिट्टी भराई कराने की मांग की थी, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका था। मानसून की शुरुआत के साथ समस्या और गंभीर होने लगी थी। इसी बीच विद्यालय के बच्चों ने जिला पदाधिकारी से भावुक अपील करते हुए कहा था कि उन्हें किसी विशेष सुविधा की जरूरत नहीं है, बल्कि केवल इतना चाहिए कि विद्यालय परिसर में जलजमाव समाप्त हो जाए ताकि वे बिना गंदे पानी से होकर स्कूल पहुंच सकें। बच्चों की यह अपील डीएम तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। नगर परिषद द्वारा विद्यालय परिसर से पानी निकाले जाने के बाद बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यार्थियों ने खुशी जताते हुए कहा, थैंक्यू डीएम अंकल ।

### मोतिहारी: फेनहरा पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत् 6 लोगों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** विशेष समकालीन अभियान के तहत् फेनहारा थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र से कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शराब खरीदने एवं बेचने में 04 अभियुक्त कांड संख्या 161/26 दिनांक -12.07.26 धारा-30(ए) बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अभियुक्त धीरज कुमार उम्र 23 वर्ष पिता डॉ राज किशोर सहनी ग्राम मनकरवा, रूपेश पासवान उम्र 28 वर्ष पिता सुरेश पासवान ग्राम गोविंदबरा, फरजद मोहम्मद उम्र 25 वर्ष पिता नन्हक मोहम्मद, ग्राम मनकरवा, बद्री राउत उम्र 45 वर्ष पिता रामचन्द्र राउत ग्राम मारपा मोहन एवं 170 बीएनएसएस में दो अभियुक्त, गौतम कुमार उम्र 25 वर्ष पिता सुरेश राय ग्राम मधुबनी, गजेन्द्र राय उम्र 38 वर्ष पिता स्व गणेश राय ग्राम मधुबनी सभी थाना फेनहारा जिला पूर्वी चम्पारण को विधिवत गिरफ्तार कर। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### पीएम सूर्य घर योजना से घटेगा बिजली खर्च, पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा: कार्यपालक अभियंता

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता**
केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में घरेलू उपभोक्ताओं के बीच रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने को लेकर जागरूकता लगातार बढ़ रही है। योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिलने के साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. अमित कुमार ने बताया कि पात्र घरेलू उपभोक्ता अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सोलर प्लांट से उत्पन्न बिजली का उपयोग घरेलू जरूरतों के लिए किया जा सकता है। यदि उत्पादन आवश्यकता से अधिक होता है, तो अतिरिक्त बिजली विद्युत ग्रिड में भेजी जा सकती है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ भी मिलता है। उन्होंने कहा कि रूफटॉप सोलर अपनाने से लंबे समय तक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है। साथ ही पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता घटती है, कार्बन उत्सर्जन कम होता है तथा पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है। इसी कारण जिले के बड़ी संख्या में उपभोक्ता योजना का लाभलेने के लिए आवेदन कर रहे हैं। बिजली विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि योजना की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं ऑनलाइन है। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने जिले के सभी पात्र उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि यह योजना बिजली बिल कम करने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### जिलाधिकारी ने किया जिला शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा सोमवार को उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार एवं सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बायोमैट्रिक अटेंडेंस देखी गई एक-एक कर्मियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं जो कर्मी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए उनसे स्पष्टीकरण करते हुए उनका वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सेवांत लाभ के जो मामले हैं उसका निष्पादन हर हाल में एक माह के अंदर करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा निर्देश दिया गया कि शिकायत से संबंधित जो भी मामले हैं उनका निष्पादन अगले 15 दिनों में कर दिया जाए। जरूरत पड़े तो इसके लिए कैंप भी लगवाएं। डीएम ने कहा कि शिक्षकों एवं छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए एवं इसका निष्पादन किया जाए। शिकायत से संबंधित प्राप्त आवेदनों का अच्छे से रख रखाव किया जाए, उसका लॉग बुक मेंटेन किया जाए, शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत कब प्राप्त हुई और उस पर कब क्या कार्रवाई हुई, एक-एक स्टेप की जानकारी रखी जाए और नियमित रूप से उसकी समीक्षा की जाए। किसी भी स्तर पर लंबित रहने की स्थिति में उस स्तर के कर्मी/पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सेवान्त लाभ के मामलों के निष्पादन एवं प्राप्त शिकायतों के निष्पादन से संबंधित कृत कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन जिला गोपनीय प्रशाखा को उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा निर्देश दिया गया की शिक्षा विभाग में पदस्थापित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी नियमित रूप से बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाएं एवं इसकी रेगुलर बेसिस पर समीक्षा की जाए। जो भी कर्मी समय से कार्यालय नहीं आते हैं उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### गौनाहा वार्ड-05 में हल्की बारिश से ही सड़क जलमग्न, ग्रामीणों ने की स्थायी समाधान की मांग

लोकतंत्र के आवाज गौनाहा



**संवाददाता मेराज आलम**
गौनाहा प्रखंड के वार्ड संख्या-05 में हल्की बारिश के बाद ही मुख्य सड़क पर जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। सड़क पर पानी भर जाने से आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।इस मनिटोला में लगभग दो हजार की आबादी निवास करती है और मुख्य बाजार, सरकारी अस्पताल, थाना तथा बैंक जाने के लिए यही एकमात्र प्रमुख सड़क है। जलजमाव के कारण छात्र-छात्राओं, मरीजों, बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।ग्रामीण शब्बीर आलम ने कहा इस सड़क के निर्माण के लिए वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा। सड़क बनने के बाद लोगों को राहत की उम्मीद थी लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण थोड़ी सी बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है। प्रशासन को जल्द स्थायी समाधान करना चाहिए। वहीं मोहन कुमार ने कहा यह सड़क पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है। बाजार, अस्पताल, थाना और बैंक जाने के लिए इसी रास्ते का उपयोग करना पड़ता है। जलजमाव की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि हर बारिश में होने वाली इस समस्या से स्थायी रूप से निजात मिल सके।

### बाल्मीकिनगर में हेली सेवा शुरू, सांसद सुनील कुमार ने जताई खुशी, दो वर्षों के प्रयास का मिला परिणाम, पर्यटन और स्थानीय लोगों को मिलेगा बड़ा लाभ

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा/बाल्मीकिनगर।** बाल्मीकिनगर से हेली सेवा शुरू होने पर सांसद सुनील कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को साकार करने के लिए वे पिछले दो वर्षों से लगातार प्रयासरत थे। सांसद ने बताया कि लोकसभा में मामला उठाने के बाद 29 जुलाई 2024 को उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की सचिव रुबीना अली से मुलाकात कर एयरपोर्ट निर्माण की पहल की थी। इसके बाद 6 फरवरी 2025 को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन से मिलकर बाल्मीकिनगर हवाई अड्डे का विकास कर यहां से छोटे घरेलू विमानों का परिचालन शुरू करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत बिहार के छह हवाई अड्डों को घरेलू विमानों के लिए विकसित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें बाल्मीकिनगर को भी शामिल किया गया। इसके बाद 38.64 करोड़ रुपये की लागत से टर्मिनल भवन और रनवे निर्माण के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा निविदा जारी की गई। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है, जिससे एयरपोर्ट विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। सांसद ने बताया कि इसी क्रम में सोमवार से बाल्मीकिनगर में हेली सेवा की शुरुआत हो गई है। 18 जुलाई से प्रत्येक शनिवार और रविवार को बाल्मीकिनगर से पटना के लिए नियमित उड़ान संचालित होगी। इस सेवा का एक तरफ का किराया प्रति व्यक्ति 5,000 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हवाई सेवा शुरू होने से स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ने से बाल्मीकिनगर और पूरे चंपारण क्षेत्र में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। इस उपलब्धि के लिए सांसद सुनील कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।



### नदि के जलस्तर बढ़ने पर पुल नहीं होने से आस-पास के ग्रामीणों का आवागमन बाधित

लोकतंत्र के आवाज गौनाहा



**संवाददाता मेराज आलम**
आसमान में बादलों की आवाजाही के साथ ही जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों की धड़कनें तेज होने लगी हैं. ऐसे ही लगातार हो रही 3 दिनों से बारिश के कारण बोडहा नदी के जलस्तर मे काफी बृद्धि हुई है' नदी मे पानी बढ़ने से लगभग पांच पंचायतो का आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है'.थरूहट का केंद्र बोडहा नदी मे पूल नहीं बनने से ग्रामीणों मे काफी आक्रोश है' बता दे कि बीते पंद्रह वर्षो से कितने नेता, विधायक और सांसद खुद आकर बेलसण्डी से कुसहवा होते हुए नरकटियागंज को जानेवाली मुख्य मार्ग मे टिकुल टोला गांव स्थित बोडहा नदी पर आकर लोगो को स्वासन दिलाया कि मेरा पहला प्राथमिकता इस नदी मे पूल का होगा लेकिन, धरातल पर अभीतक कुछ पहल नहीं किया गया' मिली जानकारी के अनुसार थरुहट के मुख्य मार्केट नरकटियागंज है' बरसात के समय लगभग पांच पंचायतो के लोग 15 किलोमीटर घूमकर मार्केट करने या मरीजों के ईलाज कराने नरकटियागंज को जाते है, जिससे कई बार ऐसा हुआ है कि बोडहा नदी मे पूल नहीं होने पर दूरी के कारण मरीज अपना आख़िरी सांस रास्ते मे ही ले लेता है' ग्रामीणों ने वर्तमान सरकार से गौनाहा के बेलसण्डी पंचायत स्थित टिकुल टोला गांव के बोडहा नदी मे पूल कि मांग किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जमीनी विवाद में गला दबाकर हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार



**शिवहर।** जिले के तरियानी थाना क्षेत्र अंतर्गत छतौनी टोल घुसुकपुर वार्ड संख्या 2 में हुए गला दबाकर हत्या मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने पिता और उसके दो पुत्रों सहित 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह,एसडीपीओ अनुशील कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि सूचना मिलते ही एसडीपीओ और तरियानी थाना अध्यक्ष ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की थी।मृतक 55 वर्षीय साहेब राय पिता स्व.राम कलेवर राय की पत्नी कौशल्या देवी के लिखित आवेदन पर तरियानी थाना में मामला दर्ज कर विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया था। एसपी ने बताया कि हत्या का कारण मामूली जमीनी विवाद था। गुस्से में आकर आरोपियों ने साहेब राय का गला दबाकर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में हंस लाल राय पिता स्व.वासुदेव राय,सुरेंद्र राय पिता हंस लाल राय और नगीना राय पिता हंस लाल राय शामिल हैं। सभी घुसुकपुर,तरियानी के रहने वाले हैं। आगे एसपी ने बताया कि गिरफ्तार हंस लाल राय का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पहले भी एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### खूंटे से बंधे खस्सी की रस्सी में उलझकर आंगनवाड़ी सेविका गंभीर रूप से घायल



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा):** सिरदला थाना क्षेत्र के अमहदी गांव में सोमवार को एक आंगनवाड़ी सेविका खूंटे से बंधे खस्सी की रस्सी में पैर उलझ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार अमहदी गांव निवासी 65 वर्षीय विराज देवी स्कूल जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में खूंटे से बंधे खस्सी की रस्सी उनके पैर में लिपट गई, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों एवं परिजनों की सहायता से उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया, जहां डॉ. अजय कुमार चौधरी ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल, नवादा रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है, जबकि ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्तों पर पशुओं को बांधने में सावधानी बरतने की अपील की।

### फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष रणजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में की गई, जिसमें थाने के सब-इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने अपनी टीम के साथ गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महियारा गांव में छापेमारी की और वहां से वारंटी विक्रम राजवंशी को धर दबोचा। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त महियारा गांव निवासी बिरजू राजवंशी के पुत्र विक्रम राजवंशी काफी समय से पुलिस की नजरों से बचकर भाग रहा था और अदालत द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम उसे अभिरक्षा में लेकर थाने आई, जहां आवश्यक पूछताछ और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### खूंटे से बंधे खस्सी की रस्सी में उलझकर आंगनवाड़ी सेविका गंभीर रूप से घायल

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा):** सिरदला थाना क्षेत्र के अमहदी गांव में सोमवार को एक आंगनवाड़ी सेविका खूंटे से बंधे खस्सी की रस्सी में पैर उलझ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार अमहदी गांव निवासी 65 वर्षीय विराज देवी स्कूल जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में खूंटे से बंधे खस्सी की रस्सी उनके पैर में लिपट गई, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों एवं परिजनों की सहायता से उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया, जहां डॉ. अजय कुमार चौधरी ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल, नवादा रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है, जबकि ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्तों पर पशुओं को बांधने में सावधानी बरतने की अपील की।

# आरा/भोजपुर : जमानत पर जेल से लौटे राजेश यादव की गोली मारकर हत्या

**लोकतंत्र की आवाज**



**आरा/भोजपुर।** जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के टिपुरा गांव के समीप दिनदहाड़े हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव निवासी दशरथ यादव के 35 वर्षीय पुत्र राजेश यादव के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार राजेश यादव हाल ही में एक आपराधिक मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था। उस पर फायरिंग,हत्या के प्रयास, रंगदारी समेत करीब एक दर्जन मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। वह अपनी मां का इलाज कराने के लिए बिहिया गया था। वहां से बाइक से घर लौटने के दौरान टिपुरा गांव के समीप उस पर गोली चला दी गई। वहीं जगदीशपुर एसडीपीओ पंकज मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में टिपुरा निवासी जोगिंदर यादव पर गोली चलाने का आरोप सामने आया है। गोली लगने के बाद राजेश यादव को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया,जहां बाद में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एफएसएल टीम को बुलाया गया है और घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच कराई जा रही है।

एसडीपीओ ने कहा कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उसके घर की तलाशी के दौरान एक पिस्तौल और उसकी मैगजीन बरामद की गई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश की बात सामने आई है, हालांकि पूरे मामले की विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। मृतक के चाचा योगिंदर यादव ने जोगिंदर यादव सहित अन्य लोगों पर हमले का आरोप लगाया है। मृतक के चाचा ने बताया कि राजेश यादव अपनी मां को दवा दिलाकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे घेरकर गोली मार दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि हमले में नामजद आरोपित के अलावा कुछ अन्य लोग भी शामिल थे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि आरोपित से उनका कोई सीधा विवाद नहीं था। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



# वारिसलीगंज : नौकरी के नाम पर एक लाख की ठगी, साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज



**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-साइबर अपराधियों ने नौकरी दिलाने के नाम पर नवादा के एक युवक से कई बार में एक लाख रुपये ठग लिये। मामला 2025 का बताया जाता है।रुपये वापस नहीं लौटाने व फोन को ब्लॉक करने पर पीड़ित साइबर थाने पहुंचा जहां मामला दर्ज कराया गया है।वादी वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चकवाय सोनवर्षा गांव के निवासी शिवकुमार प्रसाद के बेटे सचित कुमार का आरोप है कि बिहार टेक्नीकल सर्विस कमीशन (बीटीएससी) में कनीय अभियंता (जेई) के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति ने उससे कई बार में यूपीआई के माध्यम से 01 लाख रुपये ठग लिये। मामला 16 अगस्त से 18 अगस्त 2025 के बीच का बताया जाता है। ये पैसे उससे रूद्रनाथ के नाम पर ट्रांसफर कराये गये थे। युवक सचित कुमार गुजरात के भावनगर इलाके में एक प्राइवेट कम्पनी में काम करता है।

**शक होने पर मांगे रुपये तो ब्लॉक किया नम्बर :** सचित का आरोप है कि शक होने पर उसने अपने रुपये वापस मांगे तो उस व्यक्ति ने टाल मटोल करना शुरू कर दिया। कुछ दिनों के बाद उसने सचित के मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया। इसके बाद सचित ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज करायी। शिकायत दर्ज कराने के बाद एनसीआरपी द्वारा आरोपित के अकाउंट को होल्ड कर दिया गया। उसे साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का सुझाव दिया गया। इसके बाद नवादा साइबर थाने में अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड के गांव लक्ष्मीपुर में मारपीट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि मारपीट के आरोप में सचिन पासवान उर्फ सचिन कुमार को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि कांडों के आरोपितों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## मंदिर से 24 किलो चांदी की चोरी



**लोकतंत्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** भागलपुर में काली मंदिर से रविवार देर रात चोरी हुई। चोर मां काली की चांदी की प्रतिमा लेकर फरार हो गए। जिसका वजन 11 किलो था। इसके अलावा 8 किलो के 11 पीस चांदी के झाप और दो चांदी के मुकुट भी ले गए। दोनों मुकुट का वजन करीब 5 किलो था। चोरी करीब 24 किलो चांदी चुराकर ले गए। सोमवार की सुबह जब पुजारी पहुंचे तो उन्होंने मंदिर का ताला टूटा हुआ देखा। अंदर जाने पर मां काली की प्रतिमा और चांदी के आभूषण गायब मिले। घटना नाथनगर थाना क्षेत्र शाहपुर गांव की है। घटना की सूचना मिलने के बाद मंदिर समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटे। मंदिर में लगे सीसीटीवी की फुटेज में पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज के अनुसार रात करीब 1:45 बजे एक संदिग्ध युवक मंदिर परिसर में आते दिख रहा है। पहले उसने मुख्य गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की, लेकिन नहीं टूटने पर बालकनी के रास्ते मंदिर में प्रवेश किया। पुलिस पदाधिकारी मामले की जांच में लगे है।

## धनरुआ में बेखौफ चोरों का तांडव: मखदुपुर गांव में करकटनुमा दुकान का ताला तोड़ की लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**लोक तंत्र कि आबाज**

**रिपोर्ट धनंजय कुमार कि** धनरुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मखदुपुर गांव से एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है, जहां बीती रात बेखौफ चोरों ने एक करकटनुमा दुकान को अपना निशाना बनाया। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखे कीमती सामानों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया और रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

**तीन मुहानिया रोड पर स्थित है दुकान:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला गायत्री देवी (पति- रंजीत प्रसाद) मखदुमपुर तीन मुहानिया रोड पर एक करकटनुमा दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। रोज की तरह वे अपनी दुकान बंद कर घर गई थीं, लेकिन बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर चोरी की इस बड़ी घटना को अंजाम दे डाला। सुबह जब घटना की जानकारी हुई, तो पीड़ित परिवार के होश उड़ गए।

**थाना प्रभारी अमित कुमार ने शुरू की जांच:** घटना की सूचना मिलते ही धनरुआ थाना पुलिस तुरंत एक्टिव मोड में आ गई है। धनरुआ थाना प्रभारी अमित कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल का मुआयना किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने सभी संभावित बिंदुओं पर बारीकी से जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। आसपास के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



## छात्रावास विवाद की जांच करने पहुंचे अतिरिक्त सचिव, डीडब्लूओ ने कहा, नहीं होने देंगे मामले का राजनीतिकरण

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**

रजौली के भीम राव अंबेडकर छात्रावास सह +2 विद्यालय में पिछले कुछ दिनों से चल रहा विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। छात्रावास से निष्कासित 16 छात्रों ने अन्य 19 छात्रों के साथ नवादा समाहरणलय से पटना के आर ब्लॉक तक धरना प्रदर्शन करने के लिए पहुंच गए थे।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सह अतिरिक्त सचिव गौतम पासवान ने स्वयं जिला कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार के साथ छात्रावास का दौरा कर मामले की गहन जांच की। जांच के दौरान उन्होंने दोनों पक्षों की दलीलों को बेहद ध्यान से सुना। अतिरिक्त सचिव ने छात्रावास के छात्रों, वहां कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों से अलग-अलग बातचीत कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। हालांकि, इस जांच को पूरी तरह से गुप्त रखा गया है और अधिकारी अपनी रिपोर्ट सीधे विभाग को सौंपेंगे, जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। मामले की जानकारी होने के बाद जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी भी छात्रावास पहुंच कर मामले जानकारी ली। इस संवेदनशील मामले पर जिला कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रहा है।इस मामले को राजनीतिक रंग देने की कोशिशों पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया। डीडब्लूओ ने साफ तौर पर कहा कि कुछ लोग इस संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक पहल के तहत ऐसे किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी और जो भी तथ्य जांच में सही पाए जाएंगे, उसी के आधार पर न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी।

**विवाद के पीछे का कारण :** यह विवाद 9 जुलाई को शुरू हुआ था,जब रजौली के इसी भीमराव अंबेडकर छात्रवास के बारहवीं कक्षा के छात्रों ने जूनियर कक्षा के छात्रों के मेस में घुसकर छीना-झपटी एवं मारपीट करनी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद शिक्षकों के मना करने पर उन्हें झूठी एससी-एसटी केस में फंसाने की धमकी दी गई। मामले को बिगड़ता देख विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने मामले पर नियंत्रण किया, तो उदंड छात्रों ने एक कमरे में खुद को बंद कर लिया था। विद्यालय में अनुशासनहीनता एवं शैक्षणिक वातावरण बिगाड़ने के विरुद्ध विद्यालय प्रबंधन द्वारा 16 उदंड छात्रों को आवासीय परिसर से शनिवार को निष्काषित किया था और उन्हें घर पर रहकर पढ़ाई करने को निर्देश दिया था। छात्रों को दण्ड इसलिए दिया गया ताकि उनका आचरण भविष्य में सुधर सके। लेकिन उल्टा निष्काषित छात्रों ने शिक्षकों के साथ साथ प्रधानाध्यापक एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पर गम्भीर आरोप लगाकर उनकी छवि को धूमिल करने में जुटे हैं।जबकि खाना बनाने वाले जीविका महिला कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार काफी दिनों से जारी थी और इन्हीं छात्रों ने पूर्व में भी एक जीविका कर्मी को कम्बल आदि ओढ़ाकर मारपीट किये थे।इन छात्रों की वजह से 450 बच्चों के साथ-साथ विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षकों समेत पदाधिकारियों को काफी मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## रोटरी क्लब ऑफ गया युवा द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**




**गया।** रोटरी क्लब ऑफ गया युवा द्वारा आज अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गया में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 25 यूनिट रक्तदान किया है। रोटरी क्लब ऑफ़ गया युवा की अध्यक्षा रोटेरियन स्मिता पोद्दार ने कहा ,इस रक्तदान अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा यह संदेश देना था कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। क्लब के सदस्यों ने लोगों से नियमित रूप से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की और बताया कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित होने के साथ-साथ कई लोगों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्तदान करने वाले प्रमुख सदस्यों में डॉ. सुरभि कुमारी, प्रभात कुमार, दिव्य गोयनका, अर्चना गोयनका, अनुराग पोद्दार, सुमित मोरे, विवेक अग्रवाल, राजश्री, आदित्य गोयनका, राहुल महाजन सहित रोटरी क्लब ऑफ गया युवा के अनेक सदस्य शामिल रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया तथा उनके इस प्रेरणादायी योगदान की सराहना की गई। क्लब ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों का आयोजन निरंतर किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान के महत्व को समझें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आएँ।

## बोधगया में अनपढ़ बुजुर्ग से 33 लाख की जमीन मात्र 6 लाख में हड़पी, 4.66 डीसमील की जगह धोखे से लिखवा ली 41.66 डीसमील संयुक्त भूमि, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**लोकतंत्र की आवाज**

**बोधगया।** थाना क्षेत्र के लारपुर गांव निवासी अनपढ़ बुजुर्ग अनिरूद्ध प्रसाद सिंह के साथ जमीन खरीद-बिक्री में बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही एक बिचौलिए टिकम चन्द्रदेव कुमार उर्फ चन्द्रदेव यादव और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सलेमपुर (बहोरा बिगहा) निवासी क्रेता राजेश कुमार पर जालसाजी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, घरेलू जरूरत के लिए उन्होंने खाता 41, प्लॉट 258 की 4.66 डीसमील जमीन का सौदा 10 लाख रुपये में तय किया था। क्रेता ने 6 लाख रुपये एडवांस देकर बाकी पैसे बाद में देने का वादा किया और रजिस्ट्री के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित के अनपढ़ होने का फायदा उठाया और उनके छोटे बेटे को संदिग्ध पदार्थ खिलाकर दबाव में अंगूठे के निशान व हस्ताक्षर ले लिए। रजिस्ट्री के 25 दिन बाद खुलासा हुआ कि आरोपियों ने 4.66 डीसमील के बजाय जालसाजी कर खाता 106 (प्लॉट 1377) की 21 डीसमील और खाता 360 (प्लॉट 740) की 20.66 डीसमील, यानी कुल 41.66 डीसमील पुश्तैनी जमीन अपने नाम करा ली। यह जमीन भाइयों की संयुक्त संपत्ति है, जिस पर पीड़ित का अकेले अधिकार भी नहीं था।




वर्तमान में इस जमीन की बाजार कीमत करीब 33 लाख रुपये है। पीड़ित बुजुर्ग ने प्रशासन से धोखाधड़ी की रजिस्ट्री रद्द करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## समारोह में अरविंद शाही ने राज्यपाल को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**लोकतंत्र कीआवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान पटना में रविवार को डॉ. प्रो. राजेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित कश्यप का जीवन एवं दर्शन पुस्तक का विमोचन बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन द्वारा विमोचन किया गया। समारोह का आयोजन अखिल भारतीय कश्यप गोत्रीय महासभा के द्वारा किया गया। जिसमें आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित पकरीबरावां के खपुरा निवासी डॉ. अरविंद कुमार शाही ने राज्यपाल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित एवं स्वागत किया।कश्यप पुस्तक विमोचन समारोह का अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री सह बिहार विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रो. संजय पासवान ने किया। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम समारोह में राज्यपाल एवं मुख्य अतिथि डॉ. प्रो. संजय पासवान पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार, विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शाही तथा कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता के द्वारा कश्यप ऋषि का जीवन परंपरा और कश्मीर में उनका ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए जीवन एवं सामाजिक परंपरा की कई पहलुओं तथा कश्यप के श्रेष्ठ गुणों पर प्रकाश डाला।



## संक्षिप्त खबरें ।

### अधिकारी नदारद, फरियादी करते रहे इंतजार

लोकतंत्र की आवाज
संझौली। सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जनता की शिकायतें सुनी जानी थीं। लेकिन संझौली प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को दो महत्वपूर्ण कार्यालयों में अधिकारी अपने कक्ष से अनुपस्थित मिले, जिससे फरियादियों को निराश होकर इंतजार करना पड़ा। सोमवार की दोपहर करीब 1 बजे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) का कार्यालय में ताला बंद था। कार्यालय पहुंचे लोगों ने बताया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आए थे, लेकिन काफी देर तक इंतजार के बाद भी अधिकारी नहीं पहुंचीं। इसी प्रकार पंचायती राज पदाधिकारी श्वेता राज भी सोमवार दोपहर करीब 1 बजे अपने कार्यालय कक्ष में मौजूद नहीं मिलीं। उनके कार्यालय में भी फरियादी अधिकारी के आने का इंतजार करते रहे। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सरकार स्वयं सोमवार को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर दे रही है, तब संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। लोगों ने मांग की कि कार्यालय समय में अधिकारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया। लेकिन प्रयास नहीं हुआ उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

### जमीनी विवाद के कारण आपसी मारपीट में पुलिस ने सात लोगों को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
राजपुर। बघैला पुलिस ने मारपीट के मामले में सात लोगों को एक ही गाँव से गिरफ्तार की है। मामले में बघैला थानाध्यक्ष करण कुमार ने बताया की थाना कांड संख्या 109/26 के तहत मामला दर्ज कर धारा bns 126(2)/115(2),117(2) / 109/352/351(2)(3) 190(2), 191(2) के तहत दिनांक 12/7/26 को प्राथमिकी दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त लोगों की पहचान 1. पीयूष कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता उमाशंकर पासवान 2. गौरीशंकर पासवान उम्र 45 वर्ष पिता सिपाही पासवान, 3. अरविन्द पासवान उम्र 40 वर्ष पिता स्व0 रमुन राम तथा 4. अंकुर कुमार उम्र 20 वर्ष पिता स्व0 राधेश्याम पासवान ग्राम गोसाईंपुर थाना बघैला जिला रोहतास के रूप में की गई है । वहीं इसी मामले में दूसरे पक्ष से थाना कांड संख्या 110/26 के तहत मामला दर्ज कर तीन लोगों को बघैला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया की मारपीट के नामजद तीनों अभियुक्तों की पहचान 1.अभय कुमार उम्र 32 वर्ष पिता राधेश्याम पासवान 2. प्रभात पासवान उम्र लगभग 50 जीत पासवान उर्फ़ चंद्रजीत पासवान 3. प्रमोद पासवान उम्र 45 वर्ष पिता जीत पासवान उर्फ़ चंद्रजीत पासवान ग्राम गुसाईंपुर थाना बघैला जिला रोहतास के रूप में की गई है । उक्त तीनों अभियुक्तों को जमीनी विवाद में मारपीट को लेकर गिरफ्तार कर आगे की करवाई कर माननीय न्यायालय को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया की ये भी व्यक्ति आपस में किसी और की भूमि के लिए लड़ाई झगड़ा किये थे। उक्त भूमि रेहन पर लेने को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्ष के लोगों को काफी चोटें आयी है । थानाध्यक्ष ने कहा की कानून का पालन नहीं करने पर तथा नियम की धज्जियां उड़ाने वालों पर सख्त कदम उठायी जाएगी। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी।

### नाबालिग किशोरी को शादी की नीयत से अपहरण करने के पुराने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

लोकतंत्र की आवाज
नासरीगंज। स्थानीय पुलिस ने नाबालिग किशोरी को शादी की नीयत से अपहरण करने के पुराने मामले में एक आरोपी को उसके घर हल्दी बिगहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी हल्दी बिगहा गाँव निवासी सुजीत कुमार बताया जाता हैं। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि नाबालिग किशोरी को शादी की नीयत से अपहरण करने के पुराने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिसका कांड संख्या 160/26 हैं। पूर्व में किशोरी को आरा से बरामद किया गया था।

### आरपीएफ ने लावारिस हालत में 47.625 लीटर विदेशी शराब बरामद कर जीआरपी थाने को किया सुपुर्द

लोकतंत्र की आवाज
डेहरी–ऑन–सोन। सोमवार को ऑपरेशन सतर्क के तहत शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त/डीडीयू/ श्री दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में निरीक्षक प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन राजकिशोर कच्छवाहा के नेतृत्व में उप निरीक्षक अमरजीत दास साथ सहायक उप निरीक्षक सोमनाथ राम, प्रधान आरक्षी संतोष कुमार, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी सत्य प्रकाश यादव सभी संयुक्त रूप से गाड़ी संख्या 63296 डाउन (डीडीयू – गया पैसेंजर) के डेहरी ऑन सोन स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 04 पर आगमन के उपरांत उक्त गाड़ी के इंजन से चौथा पांचवा कोच को अटेंड कर चेक करने पर यात्री के बैठने वाले सीट के नीचे दो सफेद रंग के बारे एवं दो सफेद रंग के झोले में विभिन्न प्रकार के अंग्रेजी व देशी शराब कुल 47 लीटर 625 मिली लीटर अवैध शराब लावारिस हालत में कुल 29,700/– रुपए का बरामद हुआ | लावारिस हालत मे बरामद उक्त सभी शराब को विधिवत जप्ति सूची तैयार कर मौके पर जप्त किया गया । तथा एक लिखित शिकायत पत्र के साथ अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी डेहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया ।

### सबका समान जीवन आसान के तहत अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार, आठ मामलों का हुआ निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज
संझौली। राज्य सरकार के ₹सबका समान जीवन आसान₹ अभियान के तहत सोमवार को संझौली अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि, दाखिल–खारिज, सीमांकन सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर कुल आठ मामले प्राप्त हुए। अंचलाधिकारी किशोर पासवान ने सभी मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आठ मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जिससे फरियादियों ने राहत की सांस ली। अंचलाधिकारी किशोर पासवान ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान हो। इसी उद्देश्य से नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों को कार्यालयों का बार–बार चक्कर न लगाना पड़े और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### छोटा परिवार, स्वस्थ भविष्य का संदेश; कोचस में परिवार नियोजन पखवाड़ा शुरू

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कोचस में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तुषार कुमार ने फीता काटकर परिवार नियोजन पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन से स्वस्थ मां, स्वस्थ शिशु और खुशहाल परिवार का निर्माण संभव है। सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्रत्येक योग्य दंपति तक पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि 27 जुलाई से 9 अगस्त तक दंपति संपर्क पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस दौरान आशा एवं आशा फैसिलिटेटर घर–घर जाकर योग्य दंपतियों से संपर्क करेंगे और उन्हें महिला बंध्याकरण तथा पुरुष नसबंदी (एनएसवी) सहित परिवार नियोजन के स्थायी साधनों के प्रति जागरूक करेंगे। इसके बाद 11 जुलाई से 31 जुलाई तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी का विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं और आशा फैसिलिटेटरों को अधिक से अधिक योग्य दंपतियों को प्रेरित कर स्वास्थ्य केंद्र तक लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छोटा परिवार बेहतर स्वास्थ्य, आर्थिक मजबूती और सामाजिक समृद्धि की मजबूत नींव है। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक मोतिउर रहमान, बीसीएम अजय कुमार, मुन्नालाल, एएनएम, आशा फैसिलिटेटर, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### सिविल कोर्ट में स्वर्गीय कामेश्वर सिंह की मनी 32 वीं पुण्यतिथि

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। व्यवहार न्यायालय स्थित रोहतास जिला विधिज्ञ संघ भवन के सेंट्रल हॉल में सोमवार को जिले के वरीय अधिवक्ता स्व: कामेश्वर सिंह की बत्तीसवीं पुणयतिथी मनाई गई ।बताते चले की स्व: सिंह की मृत्यु 32 वर्ष पूर्व 19 जुलाई 1994 को हो गयी थी। वे फौजदारी मामलों में जिले के जाने–माने अधिवक्ताओ में शुमार थे। इस मौके पर संघ भवन में दोपहर 1:30 बजे उपस्थित अधिवक्ताओ ने स्व: कामेश्वर सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपस्थित होने वालों में संघ के अध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, महासचिव शैलेंद्र ओझा, वरीय अधिवक्ता राममुर्ति सिंह, बसंत सिंह, मित्रभान सिंह, अजय सिंह, निर्मला कुमारी, हेमजीत राणा, चंद्रशेखर सिंह, उपेंद्र सिंह, राजन कुमार, विजय प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार, दिनेश सिंह, सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिले के डीएम के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

**बैठक में जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र सहित संबंधित विभागीय अधिकारी रहे मौजूद**

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी
**सासाराम।** सोमवार को मुख्य सचिव, बिहार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के प्रभावी क्रियान्वयन, खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करने, पारदर्शी वितरण व्यवस्था तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर समीक्षा की गई। रोहतास समाहरणालय से बैठक में जिला पदाधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राज्य में निर्धारित सीमा के अंतर्गत 46,93,806 रिक्तियों को भरने के लिए 11,04,425 नए राशन कार्ड जारी किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रोहतास जिले के लिए 13 अगस्त 2026 तक 29,586 नए राशन कार्ड जारी करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए प्रतिदिन 980 नए राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया गया है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 13 अगस्त की समय-सीमा को अंतिम मानते हुए पूरी गंभीरता एवं मुस्तैदी के साथ कार्य करें। उन्होंने पात्र लाभुकों को समय पर राशन कार्ड उपलब्ध कराने, लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने तथा पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अभियान की प्रगति का आकलन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग को समन्वित प्रयास करने को कहा। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए नवंबर 2026 तक निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने सभी जिलों को समयबद्ध ढंग से लक्ष्य पूरा करने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बीस सूत्री कार्यालय में बीडीओ राहुल कुमार सिंह के सम्मान में विदाई समारोह का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**काराकाट।** प्रखंड क्षेत्र के गोडारी स्थित बीस सूत्री कार्यालय में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल कुमार सिंह के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें फूल-मालाओं, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई दी तथा उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता ने की।

उन्होंने कहा कि राहुल कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्रखंड के विकास को नई गति दी। उन्होंने जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने का सफल प्रयास किया, जिसकी क्षेत्र की जनता सदैव सराहना करेगी। बीस सूत्री उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह के दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बारी-बारी से उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सीओ डॉ. रितेश कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने राहुल कुमार सिंह के प्रशासनिक कार्यों एवं व्यवहार की सराहना करते हुए उनके आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में बीस सूत्री सदस्य जयशंकर सिंह पटेल, वीरेंद्र कुशवाहा, ललित मोहन सिंह, विनोद पासवान, दिनेश कुमार चंद्रवंशी, अजीत सिंह, रमाशंकर सिंह, ज्ञानती देवी, राजेंद्र पाल, अनिल कुमार पासवान, अनिल कुमार सिंह, जनार्दन यादव, राहुल कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## करमचट डैम गुप्ताधाम मार्ग स्थित कौरहा झरना में 19 वर्षीय युवक की डूबने से मौत

लोकतंत्र की आवाज



**चेनारी।** रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड अन्तर्गत कैमूर पहाड़ियों के मनमोहक वादियों में स्थित करमचट डैम गुप्ताधाम मार्ग स्थित कौरहा झरने में सोमवार को करीब दोपहर 2 बजे झरने में स्नान करने के क्रम में पैर फिसलने के कारण गहरे पानी जाकर डूबने से एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई है।

मृतक की पहचान कैमूर जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरी लालापुर गांव निवासी स्वर्गीय भुवनेश्वर राम के 19 वर्षीय पुत्र निखिल कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि निखिल कुमार अपने दोस्तों के साथ गुप्ताधाम दर्शन करने जा रहा था। तभी रास्ते में स्थित झरने में नहाने लगा। नहाने के क्रम में पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। घटनास्थल पर मौजूद उसके दोस्तों एवं आसपास के लोगों द्वारा उसे बचाने की पूरी कोशिश की गई लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और गहरे पानी में डूबने से निखिल कुमार की मौत हो गई। इस हादसे के कारण क्षेत्र में आफरा- तफरी मच गई। मृतक के परिजन को जैसे ही खबर मिली पूरे परिवार में कोहराम मच गई। इस संबंध में चेनारी थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बाताया शव को बरामद कर लिया गया है एवं अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है।

# सूचना के बाद भी नहीं हटा मौत का पेड़, जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी

लोकतंत्र की आवाज



**■ वन विभाग ने बिजली विभाग की ओर किया इशारा, ट्रांसफार्मर पर झुका पेड़ बना ग्रामीणों की चिंता**

**संझौली।** संझौली थाना क्षेत्र की उदयपुर पंचायत अंतर्गत चैता बहोरी गांव में संझौली-राजपुर मुख्य पथ किनारे ट्रांसफार्मर के ऊपर झुका सूखा कदम का पेड़ बड़े हादसे की आशंका को जन्म दे रहा है। पेड़ पूरी तरह जर्जर हो चुका है और उसका झुकाव सीधे ट्रांसफार्मर व विद्युत लाइन की ओर है। बरसात और तेज हवा के बीच किसी भी समय इसके गिरने से बिजली आपूर्ति ठप होने के साथ-साथ राहगीरों की जान भी जोखिम में पड़ सकती है। इसके बावजूद सूचना मिलने के बाद भी जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और स्कूली बच्चे गुजरते हैं। ऐसे में पेड़ का गिरना कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। लोगों का कहना है कि समय रहते इसे नहीं हटाया गया तो जन-धन की भारी क्षति हो सकती है।

मामले की जानकारी संबंधित विभागों को दी गई। वन विभाग की अधिकारी सोनी कुमारी ने कहा कि यह बिजली विभाग से जुड़ा मामला है और इसके लिए विद्युत कनीय अभियंता से संपर्क किया जाए। अंचलाधिकारी किशोर पासवान ने भी कहा कि इस मामले में कार्रवाई बिजली विभाग को करनी है। वहीं बिजली विभाग से संपर्क करने पर कार्यालय के कर्मी ने स्थानीय बिजली मिस्त्री से बात करने की सलाह दी। ग्रामीणों का आरोप है कि रविवार की शाम करीब सात बजे संझौली विद्युत कार्यालय के मोबाइल नंबर 7260813328 पर दो बार सूचना दी गई। फोन रिसीव करने वाले कर्मी ने बस इतना कहा कि "बसंत तिवारी पंडित से बात कर लीजिए।" ग्रामीणों का कहना है कि सूचना देने के बावजूद सोमवार शाम सात बजे तक पेड़ नहीं हटाया गया और खतरा जस का तस बना रहा। विद्युत कनीय अभियंता प्रमुदित रक्त पटेल से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया जिससे उनसे बात नहीं हो सकी, जिससे उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया।

लगातार विभागों के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग से अविलंब सूखे पेड़ को हटाने तथा ट्रांसफार्मर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी अप्रिय घटना के बाद कार्रवाई होती है तो उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। अब गांव के लोगों की निगाहें संबंधित विभागों की त्वरित कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 । को दी । डायल 112 शाम 7:30 बजे डायल 112 की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले जांच की।

## सीएम सम्राट चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026 का किया गया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी
**सासाराम (रोहतास)।** बिहार सरकार की 'संकल्प मुख्यमंत्री हेली-टूरिज्म योजना' के तहत राज्य के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ने की पहल की गई है। जिसका उद्घाटन आज माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी द्वारा किया गया। योजना के अंतर्गत पटना–राजगीर–मां मुंडेश्वरी मंदिर (कैमूर)–करमचट डैम हेलीपैड–पटना रूट भी निर्धारित किया गया है। इससे श्रद्धालु और पर्यटक एक ही यात्रा में प्राचीनतम मंदिरों में शामिल मां मुंडेश्वरी मंदिर के दर्शन करने के साथ-साथ करमचट डैम की प्राकृतिक खूबसूरती का भी आनंद ले सकेंगे।

योजना के अनुसार यह हेलीकॉप्टर सेवा हर शनिवार और रविवार संचालित होगी। हेलीकॉप्टर सुबह 11:00 बजे पटना से कैमूर हेलीपैड पहुंचेगा, जहां से पर्यटकों को करमचट डैम का आकाशीय सैर कराते हुए मां मुंडेश्वरी मंदिर के पास हैलीपैड तक जाएगी। इसके बाद हेलीकॉप्टर दोपहर 12:45 बजे कैमूर से पटना के लिए रवाना होगा। प्रत्येक उड़ान में 10 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी।

यात्रियों के लिए पटना से कैमूर (मुंडेश्वरी मंदिर–करमचट डैम सर्किट) तक प्रति व्यक्ति किराया 6,000 रुपये निर्धारित किया गया है। इस योजना से धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है। इसकी बुकिंग 13 जुलाई से शुरू हो रही है। बिहार पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल www.tourism.bihar.gov.in पर इसकी बुकिंग कर सकते हैं। हालांकि, 18 जुलाई से हेली टूरिज्म योजना की औपचारिक रूप से शुरूआत हो जाएगी।

## टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत मरीज के बीच फूड बास्केट का किया गया वितरण

लोकतंत्र की आवाज



**बिक्रमगंज।** टीवी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम तहत सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज में मरीज के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया ।इस पहल का उद्देश्य टीवी मरीजों के पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उनके उपचार के अधिक प्रभावी बनाया और शीघ्र स्वस्थ होने में सहयोग करना है ।डॉ अमिताभ ने कहा कि टीवी का सफल उपचार केवल नियमित दवा लेने से नहीं बल्कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार से भी संभव है ।

प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि टीवी हारेगा देश जीतेगा भारत सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 तक देश को टीवी मुक्त बनाना है ।इस लक्ष्य को पूरा करने में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता अनिवार्य है ।उन्होंने मरीजों से पोषण चिकित्सकों की सलाह के अनुसार नियमित दवा लेने, बीच में उपचार नहीं छोड़ने तथा पौष्टिक भोजन का सेवन करने की अपील की ।उन्होंने कहा कि टीवी के मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराना एक मानवीय और सराहनीय पहल है ।जिससे उनके रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और उपचार के बेहतर परिणाम सामने आएंगे ।फूड बास्केट टीवी मरीजों में वितरण करते हुए डॉक्टर अमिताभ,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार, अस्पताल प्रबंधक शबनम कुमारी, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक अनीश नारायण,प्रधान लिपिक लालबाबू सिंह,लिपिक रंगजी सिंह,सकलैन सफीक,नन्द जी सिंह,लैब टेक्नीशियन राजीव कुमार और सभी स्वास्थ्य कर्मी लोग मौजूद रहे ।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने हेतु जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** आम नागरिकों को सस्ती, सुलभ एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं रूफटॉप सोलर अधिष्ठापन में तेजी लाने के लिए सोमवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्रणाली के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ना था।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित करने पर केंद्र सरकार द्वारा आकर्षक सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है। उन्होंने बताया कि 1 किलोवाट पर ₹30,000, 2 किलोवाट पर ₹60,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर ₹78,000 तक की सब्सिडी उपलब्ध है। साथ ही, सोलर संयंत्र स्थापना के लिए बैंकों के माध्यम से रियायती ब्याज दर पर ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। बता दें की जिले में अब तक 371 उपभोक्ताओं के घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा अधिक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं को विशेष रूप से सोलर अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि यह योजना बिजली बिल कम करने के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि सोलर संयंत्र के लिए लिए गए ऋण का भुगतान शहरी क्षेत्रों में 4 से 5 वर्ष तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्ष की अवधि में किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है। साथ ही एकरारनामा की शर्तों के अनुसार सोलर प्लेट को 7 वर्षों तक निःशुल्क मरम्मत एवं रख-रखाव की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि 150 यूनिट तक मासिक खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का सोलर संयंत्र उपयुक्त है। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू आवश्यकताओं के लिए किया जा सकता है तथा अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर उसके राशि का समायोजन बिजली बिल में किया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि प्रति किलोवाट सोलर संयंत्र के लिए लगभग 100 वर्गफुट छत की आवश्यकता होती है तथा उचित रख-रखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक प्रभावी ढंग से कार्य करते हैं।

विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराएं और स्वच्छ ऊर्जा एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में विद्युत अधीक्षण अभियंता ई. इंद्रदेव कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम, विद्युत कार्यपालक अभियंता डेहरी ई. संतोष कुमार, जिले के सभी सहायक एवं कनीय विद्युत अभियंता सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### इटखोरी में अपराधियों का तांडवः 2 मिनट में स्वर्ण व्यवसायी की डिक्की से उड़ाए 60 लाख के जेवरात



लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा (झारखंड)। जिले का इटखोरी इन दिनों अपराधियों का सुरक्षित पनाहगाह बन चुका है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो पुलिस का खौफ है और न ही पीसीआर गश्ती का डर। इटखोरी मुख्य बाजार में उचक्कों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक स्वर्ण व्यवसायी की बाइक की डिक्की से करीब 60 लाख रुपये के जेवरात उड़ा लिए। इस दुस्साहसिक वारदात ने पुलिस के दावों की पोल खोल दी है। आशा ज्वेलर्स के संचालक दिलीप सोनी की दुकान की छत एस्बेस्टस की है। सुरक्षा कारणों से वे हर दिन कीमती सामान घर ले जाते थे। बीती रात वे दुकान बंद कर लौट रहे थे, तभी कलाली रोड पर बकाया पैसे मांगने के लिए महज 2 मिनट के लिए रुके। इसी बीच घात लगाए उचक्कों ने डिक्की का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे लगभग 400 ग्राम सोना तथा 10 किलो चांदी लेकर फरार हो गए। थाने से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर हुई इस घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है इटखोरी में बढ़ती आपराधिक घटनाएं पुलिस की नाकामी का पुख्ता सबूत है। महज दो दिन पहले ही थाने से सिर्फ 100 मीटर दूर एरकी निवासी महिला से 48 हजार रुपये छीन लिए गए थे। इससे पहले अक्टूबर 2025 में गोलकबर एसबीआई सीएसपी में हथियारबंद लूट और मई 2026 में मोबाइल दुकान में बड़ी चोरी हो चुकी है। पीसीआर पेट्रोलिंग के बावजूद उचक्कों का बेखौफ होना इटखोरी थाना प्रभारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लाखों की इस चोरी के बाद पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर छापेमारी का दावा कर रही है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब थाने की नाक के नीचे से अपराधी लाखों का माल उड़ा रहे हैं, तो आम जनता सुरक्षित कैसे रहे? देखना होगा कि पुलिस इन उचक्कों को कब तक पकड़ पाती है।

### केरेडारी विधायक मीडिया प्रतिनिधि को सुपारी देकर जान से मारने के मामले मे पकड़ा तूल



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग
(झारखंड)। क्या आज के युग में सच्चाई और धर्म के साथ चलना पाप है, बारियातु मुखिया पति द्वारा नशे के आड़ में बनाए गुर्गों की टीम, मजदूर युवकों को नशेड़ी और चोर बताकर बचने का किया जा रहा उपाय,युवकों के जिंदगी से खेल रहा मुखिया पति! विधायक के कार्य प्रणाली से पूर्व विधायक के कार्यकर्ताओं को योजनाओं से लाभ के द्वार हो गए बंद तो सता पक्ष के कार्यकताओं को बनाया जा रहा निशाना! बड़कागांवविधायक मीडिया प्रभारी जागेश्वर कुमार द्वारा बारियातू पंचायत में विकास योजनाओं के कार्यों पर ईमानदारी से रखते है नजर शायद इसलिए प्रतिनिधियों ने रास्ते से हटाने का बनाया था योजना । इस मामले में भुक्तभोगी पत्रकार जागेशवर कुमार ने न्याय के लिए एस एच ओ केरेडारी से लगाया कि गुहार! एसएचओ वेद प्रकाश पांडेय ने लिया संज्ञान मामले को लेकर बताया, गहनता से किया जा रहा जांच,जल्द उठेगी पर्दा आखिर इसके पीछे कौन है असली मास्टर माइंड • दूसरी तरफ बारियातु पंचायत समिति जागेशवर साव ने दो युवकों के खिलाफ थाना में आवेदन देकर बताया चोर, कार्रवाई की किया मांग और कहा कि हो रही है मान हानि!सुपारी देने की बात छुपाने के लिए बना रहे नए नए बहाने,दोनों युवको को बनाया गया आरोपी, नशे के लिए करते रहते है चोरी, चोरी करते युवकों को सीसीटीवी में चेहरा है सुरक्षित,यह सवाल की पुष्टि पुलिस ने नहीं की,पुलिस सत्यापन के लिए सीसीटीवी फुटेज की कर रही है जांच। पंचायत में नशे की चपेट में अधिकांश है लोग,आरोपों से बचने के लिए प्रतिनिधि कर रहे व्यंग ! प्रतिनिधियों की कारनामे को दोनों युवकों ने किया उजागर या स्वंय को बचने का क्या है उपाय यह है जांच का विषय!

### धनबाद की बेटी अनीता मजूमदार ने हासिल किया एक और मुकाम, बनी बॉलीवुड एल्बम की डायरेक्टर




लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता। धनबाद की बेटी अनीता मजूमदार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मॉडलिंग और अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने के बाद बॉलीवुड एल्बम तुझे प्यार करना लगा हूं का निर्देशन ऋषभ सिंह के साथ का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इस रोमांटिक गाना का रिलीज ज़ी म्यूजिक के द्वारा किया गया है ज़िसे काफी पसंद किया जा रहा है। इस सफलता पर उनके प्रशंसकों, मित्रों एवं परिवार ने खुशी जताई है अनिता मजूमदार ने बताया इस एल्बम का शूट लंदन के विभिन्न स्थानों में हुआ है । इसके पूर्व भी अनीता का तीन एल्बम ज़ी म्यूजिक के द्वारा रिलीज हुए थे ।बता दें वेब सीरीज में शाहिद मल्लिया के गाये हुए गाना में लीड एक्ट्रेस थी यह गाना बहुत हिट हुआ था ।पहली बॉलीवुड गाना ओह हीरिए,और दूसरा तू निकली बेवफा का गाना बहुत हिट हुआ था। पूर्व में अनीता मजूमदार ने इलाहाबाद टाइम्स राष्ट्रीय फैशन वीक, पेरिस फैशन शो, बॉम्बे टाइम फैशन वीक, लैक्मे फैशन वीक में भी शानदार रैंप वॉक कर ख्याति बटोर चुकी है। जापान की विश्व ख्यातिप्राप्त लव किल्लन परफ्यूम के ब्रांड इंडोर्स करने का मौका मिला है ।अनीता ने बताई की बहुत मेहनत से प्राप्त इन सब उपलब्धियां के बदौलत बहुत सारे एल्बम फिल्मों एवं कई वेब सीरीज के ऑफर भी आ रहे हैं। साथ ही मेरा डायरेक्टर बनने का सपना पूरा हुआ है मेरी हार्दिक इच्छा और प्रयास है कि भविष्य में अंतराष्ट्रीय मंच पर मैं बड़ा परफॉर्मेंस कर धनबाद का नाम और रौशन करूं। मेरे इन सारे सफलताओं के पीछे धनबादवासियों एवं परिवार का आशीर्वाद, ढेर सारा शुभकामनाएं एवं समर्थन है इस खास वजह से अच्छे परफॉर्मेंस के लिए मनोबल ऊंचा रहता है।

# 44 करोड़ की झरिया-बलियापुर सड़क एक साल में धंसी, भूमिगत आग और भू-धंसान पर PWD-BCCL आमने-सामने

लोकतंत्र की आवाज़



धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता। धनबाद के झरिया-बलियापुर मुख्य मार्ग पर मोहरीबांध के समीप सड़क धंसने की घटना के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। लगभग ₹44 करोड़ की लागत से निर्मित करीब 11 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के एक वर्ष के भीतर ही भू-धंसान और भूमिगत आग की चपेट में आ गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए झरिया विधायक रागिनी सिंह ने पथ निर्माण विभाग और बीसीसीएल अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क की तकनीकी स्थिति का जायजा लिया। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सड़क का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार किया गया था और कार्य शुरू करने से पहले BCCL से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त किया गया था। उनका कहना है कि भूमिगत आग और लगातार हो रहे भू-धंसान के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सड़क के वैकल्पिक मार्ग (डायवर्शन) का प्रस्ताव पहले ही तैयार कर संबंधित एजेंसियों को भेजा जा चुका है। आवश्यक स्वीकृति और धनराशि मिलते ही डायवर्शन निर्माण शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

वहीं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि यह केवल सड़क का मामला नहीं, बल्कि हजारों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र पहले से भू-धंसान और भूमिगत आग से प्रभावित था, तो सड़क निर्माण की अनुमति कैसे दी गई, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग शीघ्र शुरू करने और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले लंबे समय से वैकल्पिक मार्ग बंद रहने के कारण उन्हें मजबूरी में इसी जोखिमपूर्ण सड़क से गुजरना पड़ रहा है। अब लोगों की नजर इस बात पर है कि प्रशासन और संबंधित एजेंसियां सड़क की मरम्मत, वैकल्पिक मार्ग और सुरक्षा उपायों को लेकर कितनी जल्द कार्रवाई करती हैं।

## धनबाद सिजुआ फतेहपुर बस्ती पंचायत कमेटी का चुनाव संपन्न, मोहम्मद सोहेल आलम बने सदर, मोहम्मद रहबर आलम चुने गए सेक्रेटरी



लोकतंत्र की आवाज़

धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता। बाघमारा प्रखंड के सिजुआ स्थित फतेहपुर बस्ती पंचायत कमेटी का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव में गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद मोहम्मद सोहेल आलम उर्फ गोरा को भारी बहुमत से पंचायत कमेटी का सदर (अध्यक्ष) चुना गया। वहीं मोहम्मद रहबर आलम उर्फ रुस्तम को भी पूरे बहुमत के साथ सेक्रेटरी (सचिव) पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के गणमान्य लोगों ने नवनिर्वाचित सदर और सेक्रेटरी को फूल-माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान पंचायत क्षेत्र के विकास, आपसी भाईचारे और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही गई। नवनिर्वाचित सदर मोहम्मद सोहेल आलम उर्फ गोरा और सेक्रेटरी मोहम्मद रहबर आलम उर्फ रुस्तम ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वे पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पंचायत कमेटी को मजबूत बनाने तथा गांव के विकास और सामाजिक सौहार्द के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।

## गिरिडीह सदर प्रखंड परिसर में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026.07.14)। झारखंड राज्य युवा आयोग के सहयोग तथा प्रभा भारती के तत्वाधान में 13.07.2026 को गिरिडीह सदर प्रखंड परिसर अंतर्गत नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिडीह सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गणेश रजक ने की नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को भावनात्मक पूर्ण ढंग से प्रस्तुत करते हुए नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मौजूद सभी लोगों को नशा से मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

## हजारीबाग : विधायक रोशन लाल चौधरी ने सड़क दुर्घटना में मृतक नरेश महतो के परिजनों को दिलाया 7 लाख की सहायता और रोजगार

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड की चेपाकला पंचायत के जुगरा स्थित लोहा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में नरेश महतो के असामयिक निधन पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन, एनटीपीसी प्रबंधन, सीआईएसएफ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत वार्ता की।

परिवार के हित में हुए ये महत्वपूर्ण निर्णय लंबी वार्ता के बाद पीड़ित परिवार को राहत देने के लिए कई निर्णय लिए गए। जिनमें मृतक की धर्मपत्नी प्रियंका कुमारी के बैंक खाते में चेक के माध्यम से ₹7 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। परिवार की महिला को एजेंसी के माध्यम से रोजगारउपलब्ध कराया जाएगा। बच्चों का सिकरी स्थित सेंट जोसेफ विद्यालय में नामांकन कराकर शिक्षा का संपूर्ण खर्च एनटीपीसीवहन करेगी। घायल बच्चे के उपचार का पूरा खर्च भी कंपनी उठाएगी। परिवार को विस्थापन से संबंधित सभी वैधानिक लाभ दिलाए जाने पर सहमति बनी।

विधायक ने कहा कि "दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवार को न्याय, सम्मान और हरसंभव सहयोग दिलाना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मेरे लिए राजनीति केवल पद नहीं, बल्कि जनसेवा का संकल्प है। लिए गए निर्णयों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मैं स्वयं निगरानी रखूंगा।"

मौके पर उपस्थित बड़कागांव अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष शिबू मेहता, उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, युवा भाजपा नेता सत्यजीत अलंकार, महामंत्री मनीष पांडे, आजसू पार्टी केन्द्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, चेपाकला मुखिया अनिकेत नायक, रामेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, मोहन महतो, प्रमोद कुमार, तुलेश्वर महतो, राजू कुमार, मनोज महतो, राजू महतो, प्रदीप कुमार, राम कुमार महतो, दिलेश्वर महतो, जुगेश्वर महतो, वैजनाथ महतो सहित भाजपा एवं आजसू के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक ने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

लोकतंत्र की आवाज़




निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा (झारखंड)। सोमवार को उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में परामर्शदात्री समिति (DLCC) एवं (DLRC/DLRAC) की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि वित्तीय समावेशन शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं को प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY) के खातों में शत-प्रतिशत आधार सीडिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय धोखाधड़ी की संभावनाओं को कम किया जा सकेगा। बैंक मित्रों (BC) को सक्रिय भूमिका निभाते हुए पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना के अंतर्गत कुछ बैंकों की शून्य प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित बैंक अधिकारियों को शीघ्र लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही वार्षिक ऋण योजना (ACP) के अंतर्गत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण वितरण की प्रगति एवं आ रही बाधाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जिले का वर्तमान क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात (CD Ratio) 31.54 प्रतिशत है, जो निर्धारित लक्ष्य 40 प्रतिशत से कम है। इस पर उपायुक्त ने बैंक अधिकारियों को क्षेत्रों में ऋण वितरण बढ़ाने, पात्र लाभुकों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता अभियान संचालित करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी , जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के प्रतिनिधि, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (DDM), जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक (LDM), विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक (DPM), आरसेटी निदेशक सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एसपी डॉ. बिमल कुमार के आदेश पर जिलेभर में चला मेगा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

लोकतंत्र की आवाज

### गिरिडीह में अपराधियों पर पुलिस का बड़ा प्रहार!





बगोदर गिरिडीह (झारखंड)। गिरिडीह जिले में अपराधियों की कमर तोड़ने और आम लोगों को सुरक्षित व भयमुक्त माहौल देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर जिलेभर में एक साथ सघन एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की।

एसपी के निर्देश पर सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक तथा थाना एवं ओपी प्रभारी स्वयं फील्ड में उतरकर देर रात तक अभियान की निगरानी करते रहे। पुलिस टीमों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दस्तावेजों की जांच की, संदिग्ध लोगों की तलाशी ली तथा उनसे पूछताछ भी की।

अभियान के दौरान पुलिस की विशेष नजर अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर रही, ताकि किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ही अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके। जिलेभर में एक साथ हुई इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप का माहौल देखा गया।

इस संबंध में एसपी डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि जिले में बेहतर अपराध नियंत्रण और आम नागरिकों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगे भी जिले के किसी भी थाना क्षेत्र में बिना पूर्व सूचना के औचक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आम जनता से पुलिस की जांच प्रक्रिया में सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की अपील की। इस अभियान को गति देने और अपराध पर नियंत्रण के लिए बगोदर थाना प्रभारी एवं थाना निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल के रोड पर गहन रूप से जांच करते देखा गया ।गिरिडीह पुलिस ने दोहराया है कि जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## धनबाद झरिया के कतरास मोड़ पर बवाल, पुलिस वाहन पर पथराव, सुतली बम फेंकने से मचा हड़कंप

लोकतंत्र की आवाज़



धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता। धनबाद झरिया पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के दौरान रविवार देर शाम झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ स्थित शराब दुकान के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शराबियों के एक समूह ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार, झरिया पुलिस की गश्ती टीम ने शराब दुकान के समीप शराबियों के जमावड़े और अड्डेबाजी को देखकर उन्हें वहां से हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्व उग्र हो गए और पुलिस के गश्ती वाहन पर पथराव कर दिया। घटना को और गंभीर बनाते हुए उपद्रवियों द्वारा दो सुतली बम भी फेंके जाने की बात सामने आई है। धमाकों की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में झरिया पुलिस और अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा ।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कतरास मोड़ से सिंह नगर तक पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला और पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। फिलहाल, पुलिस उपद्रवियों की पहचान करने और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है ।घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, वहीं पुलिस लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## विष्णुगढ़ और सीतागढ़ा मामलों में सांसद मनीष जायसवाल ने उपायुक्त से की मुलाकात, प्रशासनिक मनमानी पर कार्रवाई का मिला आश्वासन

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। सदर विधानसभा क्षेत्र के सीतागढ़ा में भूमि विवाद और विष्णुगढ़ हॉस्पिटल मोड़ पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में प्रभावित दुकानदारों के मामले ने तूल पकड़ लिया है ।दोनों मामलों में प्रभावित लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निष्पक्ष न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

विष्णुगढ़ में दुकानदारों से मुलाकात के दौरान सांसद श्री जायसवाल ने कहा था कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त करना आवश्यक है, लेकिन गरीब दुकानदारों की आजीविका उजाड़कर समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता। उन्होंने अस्पताल परिसर में समुचित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने, वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने और प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास की मांग उठाई थी। वहीं सीतागढ़ा में भूमि विवाद के दौरान प्रशासनिक कार्रवाई और कथित पुलिस ज्यादती की शिकायतों को भी उन्होंने गंभीर बताया था।

इसी क्रम में सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ हॉस्पिटल मोड़ के प्रभावित दुकानदारों और सीतागढ़ा के ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के साथ हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती से मुलाकात की। उन्होंने दोनों मामलों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशासनिक मनमानी के आरोपों से उपायुक्त को अवगत कराया तथा निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की।

मुलाकात के दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए यथोचित कार्रवाई करने तथा तथ्यों के आधार पर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन सांसद मनीष जायसवाल को दिया।

इस अवसर पर विष्णुगढ़ और सीतागढ़ा क्षेत्र के ग्रामीणों के अलावा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपू वर्णवाल, भाजपा नेता किशोर मंडल, मुखिया निर्मल कुमार, मुखिया इम्तियाज आलम, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता के अधिकारों और सम्मान की रक्षा उनकी प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की प्रशासनिक मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीड़ितों को न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रखंड के किसानों को मिला 'श्रीअन्न' का मुफ्त और सब्सिडी वाला बीज: अशोक चौधरी



**रामगढ़।** बिहार सरकार और कृषि विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन को देखते हुए मोटे अनाजों (रागी/मडुवा, ज्वार, बाजरा) की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में, प्रखंड कृषि सलाहकार समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने क्षेत्र के किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराए। 'बिहार मिलेट मिशन', बीज अनुदान और कृषि यंत्रीकरण जैसी योजनाओं के तहत किसानों को इन अनाजों पर 50% तक की सब्सिडी और आर्थिक सहायता दी जा रही है। इन फसलों में सिंचाई की कम आवश्यकता होती है, जिससे लागत घटती है। श्री चौधरी ने किसानों से आग्रह किया कि वे बीज और जानकारी के लिए अपने पंचायत के कृषि सलाहकार एवं समन्वयक से तुरंत संपर्क करें। किसी भी समस्या के समाधान के लिए किसान सीधे अध्यक्ष से मिलकर अपनी बात रख सकते हैं।

### भगवानपुर पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप, कलेक्ट्रेट गेट जाम कर भाकपा माले का प्रदर्शन



**कैमूर।** भगवानपुर थाना पुलिस पर ग्रामीणों को अपमानित एवं प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। भाकपा माले के जिला सचिव हाशिम खान ने बताया कि भगवानपुर थाना क्षेत्र के खिरी गांव निवासी रसीद राइन के पुत्र फिरोज राइन के घर 12 जुलाई की रात करीब एक बजे पुलिस की टीम पहुंची थी। आरोप है कि 20 से 25 पुलिसकर्मी बिना किसी पूर्व सूचना, नोटिस या वारंट के घर में घुस गए और सो रहे लोगों को जगाकर तलाशी लेने लगे। इस दौरान घर का सामान इधर-उधर फेंक दिया गया तथा विरोध करने पर अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस कार्रवाई से परिवार के लोग भयभीत हैं। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर भभुआ एसडीपीओ ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। वहीं कैमूर एसपी शिखर चौधरी ने बताया कि कुछ दिन पहले एक युवक का हथियार लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उसी की सत्यता की जांच के लिए पुलिस टीम छापेमारी करने गई थी। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया था तथा वायरल वीडियो में दिखाई गई पिस्टल वास्तव में लाइटर पिस्टल निकली। एसपी ने बताया कि भाकपा माले की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसकी जांच कराई जाएगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाकपा माले कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रेस्टोरेंट से रंगदारी व तोड़फोड़ के आरोपी ने किया सरेंडर, पुलिस रिमांड पर पूछताछ जारी

**कैमूर।** भभुआ शहर के एक रेस्टोरेंट में रंगदारी मांगने, धमकी देने और तोड़फोड़ करने के मामले में नामजद आरोपी ने पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच सरेंडर कर दिया। पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने सोमवार को बताया कि इस मामले में जायका रेस्टोरेंट के संचालक जयप्रकाश गुप्ता ने 1 जुलाई को सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज आवेदन के अनुसार वार्ड संख्या-11 निवासी वीरेंद्र गोंड के पुत्र अभिषेक कुमार गोंड पर आरोप है कि वह रेस्टोरेंट से अक्सर खाना पैक कराकर पूरा भुगतान नहीं करता था। जब संचालक ने इसका विरोध किया तो उसने फोन पर धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपी पिस्टल लेकर रेस्टोरेंट पहुंचा और संचालक को बाहर बुलाकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ भी की गई। घटना के बाद संचालक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू की थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की लगातार कार्रवाई और दबाव के कारण आरोपी ने सरेंडर कर दिया। सरेंडर के बाद पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया और न्यायालय की प्रक्रिया पूरी करने के बाद रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मोहनिया : नए उपाधीक्षक एक्शन मोड में, अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

लोकतंत्र की आवाज





**मोहनिया।** अनुमंडल अस्पताल मोहनिया के नवपदस्थापित उपाधीक्षक डॉ. अविनाश सिंह ने सोमवार की दोपहर पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, इमरजेंसी, ओपीडी, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अस्पताल की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को बेहतर और समयबद्ध इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डॉ. अविनाश सिंह ने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बातचीत कर इलाज और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी तथा सभी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। उपाधीक्षक ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल में डायलिसिस सेवा शुरू करने की तैयारी अंतिम चरण में है। मशीनों की स्थापना एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। यदि सब कुछ निर्धारित योजना के अनुसार रहा तो एक सप्ताह के भीतर अस्पताल में डायलिसिस सेवा शुरू कर दी जाएगी। इससे किडनी रोगियों को इलाज के लिए वाराणसी, सासाराम या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सभी स्वास्थ्य सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से सुदृढ़ किया जाएगा। मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। अस्पताल में साफ-सफाई, दवा की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति और मरीजों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ₹अनुमंडल अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। एक सप्ताह के भीतर डायलिसिस सेवा शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग होगी ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# कांग्रेस नेता मोहन राम ने प्रदेश अध्यक्ष से की अपील, मेहतर जाति को दें प्रतिनिधित्व



लोकतंत्र की आवाज

**विनोद कुमार राम**

**कैमूर** -बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि एवं डॉ. अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त वरिष्ठ नेता ₹पत्रकार₹ मोहन राम ने पार्टी हित में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम से मेहतर जाति को उचित प्रतिनिधित्व देने की अपील की है। श्री मोहन राम ने प्रदेश अध्यक्ष को लिखे ₹अनुरोध पत्र₹ में कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस को सबल और सशक्त बनाने के लिए अनुसूचित जातियों में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों मेहतर-डोम को उचित प्रतिनिधित्व देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सदियों से सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े इस समाज को कांग्रेस की मुख्यधारा में लाना जरूरी है। इससे कांग्रेस और मजबूत होगी। मोहन राम ने पत्र में कहा कि वह लगभग 45 वर्षों से एक सच्चे सिपाही के रूप में निष्ठा के साथ पार्टी हित में कार्य कर रहे हैं। मेरे जैसे समर्पित कार्यकर्ता को प्रदेश कमिटी में उचित प्रतिनिधित्व निहायत अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि सासाराम संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद मनोज कुमार ने भी 06 मई 2026 को प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम से फोन पर बात कर समाज और पार्टी हित में मोहन राम को प्रदेश कमिटी में उचित प्रतिनिधित्व देने की अपील की थी। श्री राम ने कहा कि यदि प्रदेश कांग्रेस कमिटी में मेहतर भंगी जाति को प्रतिनिधित्व दिया गया तो इस वंचित समाज को कांग्रेस की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है।

# 17.28 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार दो बाइक जप्त





लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर।** चैनपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो मोटरसाइकिलों पर ले जाई जा रही कुल 17.28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान ऋषिकांत कुमार पिताझछोटन कहार एवं अमन कुमार पिताझरामचन्द्र शर्मा, दोनों निवासी उमापुर, तथा मिथलेश कुमार पिताझअंगद सिंह यादव एवं रामाशीष बिन्द पिताझमन्नु बिन्द, दोनों निवासी भैंसही, थाना भगवानपुर, जिला कैमूर के रूप में हुई है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तो से पूछताछ करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।

# हाटा बाजार में जाम की समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने प्रशासन से किया मांग

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** हाटा बाजार में प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के कारण आम लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते इनका समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने बताया कि हाटा बाजार क्षेत्र आसपास के सैकड़ों गांवों के लोगों के लिए प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खरीदारी, व्यवसाय और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यहां आते-जाते हैं। लेकिन बाजार में सड़क किनारे हुए अतिक्रमण और संकरी सड़क के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय व्यापारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार जाम इतना लंबा हो जाता है कि गंभीर मरीजों को लेकर जा रही एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी उसमें फंस जाते हैं। समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने से मरीजों की जान तक खतरे में पड़ सकती है। यह समस्या केवल यातायात तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से भी जुड़ी हुई है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी, भभुआ की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में भी हाटा बाजार की जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था। बैठक में अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने पर चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि हाटा बाजार में हुए अतिक्रमण की विधिवत मापी कराकर उसे शीघ्र हटाया जाए, ताकि सड़क की पूरी चौड़ाई उपलब्ध हो सके और यातायात व्यवस्था सामान्य हो। नगर पंचायत अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि प्रशासन जनहित से जुड़े इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेगा, जिससे हाटा बाजार में रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्र में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

# दुर्गावती प्रखंड को मिले नए बीडीओ: अभिषेक कुमार ने संभाला पदभार, कहा- जनता की सुविधा और समयबद्ध कार्य निष्पादन होगी सर्वोच्च प्राथमिकता

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती :** स्थानीय प्रखंड में नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अभिषेक कुमार ने सोमवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया और विभिन्न शाखाओं में जाकर कार्य व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि प्रखंड कार्यालय में दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों के लिए आते हैं। ऐसे में प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का दायित्व है कि आम नागरिकों के कार्यों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर, पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें और न ही किसी प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जनता की शिकायतों और आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। बीडीओ ने यह भी कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों से ईमानदारी, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की ताकि प्रखंड प्रशासन की कार्यशैली पर जनता का विश्वास और मजबूत हो।

पदभार ग्रहण के बाद कार्यालय परिसर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने नए बीडीओ का स्वागत किया तथा उन्हें प्रखंड की प्रशासनिक व्यवस्था और विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी। उम्मीद जताई जा रही है कि नए बीडीओ के नेतृत्व में प्रखंड में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा।

# भभुआ रोड स्टेशन पर मोबाइल झपटमारी के प्रयास में यात्री गिरा, गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया ।** भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर सोमवार की दोपहर मोबाइल झपटमारी के प्रयास में एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मधुबनी जिले के निवासी नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्टेशन परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार किसी ट्रेन के इंतजार में स्टेशन परिसर में मौजूद थे। इसी दौरान एक युवक उनके पास पहुंचा और उनका मोबाइल फोन झपटने का प्रयास करने लगा। अचानक हुई इस घटना से यात्री घबरा गया और मोबाइल बचाने के दौरान असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर और कमर में गंभीर चोटें आईं और वह दर्द से कराहने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को उठाकर अनुमंडल अस्पताल, मोहनिया पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान उसकी हालत गंभीर पाई गई, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अमित तिवारी ने बताया कि मोबाइल छीनने के प्रयास के दौरान यात्री घायल हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया गया है। घटना के बाद स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# मोहनिया में नए अंचलाधिकारी ने संभाला पदभार, लंबित दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निष्पादन पर फोकस

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया:** लंबे समय से प्रभार व्यवस्था के सहारे चल रहे मोहनिया अंचल कार्यालय को अब पूर्णकालिक अंचलाधिकारी मिल गए है। सोमवार को नवनियुक्त अंचलाधिकारी निरंजन सुमन ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व से जुड़े लंबित मामलों के निष्पादन और भूमि विवादों के त्वरित समाधान को उनकी पहली प्राथमिकता होगी। नए अंचलाधिकारी ने कहा कि अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज, परिमार्जन समेत अन्य राजस्व मामलों के कई आवेदन और वाद लंबित हैं। लंबे समय तक नियमित अंचलाधिकारी नहीं रहने के कारण इन मामलों के निष्पादन की गति प्रभावित हुई है। अब इन लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि डिस्पोजल प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।

उन्होंने कहा कि आम लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था लागू की जाएगी। भूमि विवादों के समाधान में भी निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। निरंजन सुमन ने भरोसा दिलाया कि बिहार सरकार की मंशा के अनुरूप राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनाया जाएगा। उनके पदभार ग्रहण करने से अंचल क्षेत्र के लोगों में लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निष्पादन और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की उम्मीद जगी है।

# धड़हर निवासी युवक की हिमाचल में सड़क हादसे में मौत, गांव में शोक की लहर

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती:** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत धड़हर गांव निवासी प्रदुम राजभर पिता रामप्रवेश राजभर का हिमाचल प्रदेश के बद्दी में हुए सड़क हादसे में निधन हो गया। प्रदुम बद्दी स्थित हीमगार्ड कंपनी में कार्यरत थे। बताया गया कि ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह अपने कमरे की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका सड़क दुर्घटना में गंभीर एक्सीडेंट हो गया, जिसमें उनके सिर में गहरी चोटें आईं। घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज किया। हालांकि सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी हालत लगातार नाजुक बनी रही और अंततः डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव उनके पैतृक गांव धड़हर लाया गया। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इसके बाद बलुआ घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रदुम राजभर तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। वह अपने पीछे पत्नी, तीन वर्ष और डेढ़ वर्ष के दो मासूम बेटों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दरभंगा: जमीनी विवाद में वृद्ध की हत्या, शव मिलने के बाद सड़क जाम



लोकतंत्र की आवाज

हनुमाननगर, दरभंगा। विशनपुर थाना क्षेत्र के डीहलाही गांव स्थित चौर में दिघरहिया पोखर के समीप सोमवार को एक वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लक्ष्मण महतो, निवासी डीहलाही, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे हरा चारा काटने गए लोगों ने वैंधा के खेत में शव पड़ा देखा। इसके बाद आसपास के लोगों एवं परिजनों को सूचना दी गई, जिससे घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए त्वरित गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना से आक्रोशित लोगों ने कुछ समय के लिए लहेरियासराय–समस्तीपुर मुख्य पथ पर शव रखकर जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन प्रभावित हुआ। सूचना मिलने पर विशनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा–बुझाकर जाम समाप्त कराया और यातायात बहाल कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक संदिग्ध आरोपी रामप्रीत महतो के माता–पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है तथा घटना से संबंधित सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है पुलिस ने पूछताछ के लिए एक संदिग्ध आरोपी के माता–पिता को हिरासत में लिया है और मामले की जांच जारी है।

### वारिसलीगंज में यज्ञ का न्योता देने आया साधु के वेश में बनकर घर में घुसे चोर, 1.5 तोला सोने की चेन उड़ाई



लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज (नवादा)। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सिमरी डिह गांव में यज्ञ का न्योता देने आए साधु के वेश में बनकर आए एक युवक ने घर में घुसकर 1.5 तोला सोने की चेन उड़ा लिया। पीड़ित राकेश कुमार ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी को लिखित आवेदन दिया है थाना को दिए गए आवेदन के अनुसार, वार्ड नंबर–15 सिमरी डिह निवासी राकेश कुमार ने बताया कि सोमवार 13 जुलाई को दोपहर करीब 2:30 से 3:30 बजे के बीच एक साधु के वेश में उनके घर आया। साधु ने गंगा जल छिड़क कर युवक को अपने प्रभाव में ले लिया राकेश कुमार का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने अलमारी में रखी 1.5 तोला सोने की चेन, जो उन्हें शादी में मिली थी, निकाल ली और बाइक से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन आरोपी और बाइक का कोई पता नहीं चल सका राकेश कुमार ने थानाध्यक्ष से आवेदन में अनुरोध किया है कि उनके आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए और चोरी हुई चेन बरामद कराई जाए। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है।

### जालौन के तीन सिपाहियों ने झांसी में एक व्यापारी के साथ लूट की घटना को दिया अंजाम, सस्पेंड



लोक तंत्र की आवाज

उरई/ जालौन पुलिस विभाग से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। 24 लाख 50 हजार रुपये की कथित लूट के मामले में जालौन पुलिस लाइन में तैनात तीन सिपाहियों को झांसी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि तीनों सिपाही ने झांसी में तैनाती के दौरान इस वारदात को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि गुजरात के सूरत निवासी एक व्यापारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था, जिसमें 24 लाख 50 हजार रुपये की लूट का आरोप लगाया गया। जांच के बाद झांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों सिपाहियों को गिरफ्तार कर अपने साथ झांसी ले गई। इधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए जालौन के पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने आरोपी सिपाहियों मनोज राघवेंद्र और नीरज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फिलहाल पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### जिलाधिकारी ने कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतो का निस्तारण के दिए निर्देश



लोक तंत्र की आवाज

उरई जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में दूर–दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने एक–एक प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय–सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर निकाय, विकास, समाज कल्याण, पेयजल, सड़क, पेंशन तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन को त्वरित न्याय एवं बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए अधिकारी प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता के साथ लें उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों का निस्तारण मौके पर संभव है, उन्हें तत्काल निस्तारित किया जाए तथा जिन प्रकरणों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें निर्धारित समय के भीतर जांच पूर्ण कर शिकायतकर्ता को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

### तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। महर्षि मेंहीं योग सेवा आश्रम ट्रस्ट मुरली पहाड़ बाराहाट में श्याम सुंदर साह और गुरुदेव साह के पूज्य पिताजी स्वर्गीय नेपाली बाबा के परिनिर्माण दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह 3:00 बजे सुबह से रात 8:00 बजे तक अलग–अलग समय पर ध्यान अभ्यास किया गया। सत्संग भजन का आयोजन किया। संचालन मिश्री बाबा, मनिहारी से आए दशरथ बाबा, पंकज कुमार सिन्हाशिक्षक मणि प्रसाद मंडल, मुन्ना बाबा, प्रोफेसर सुदामा महतो चंदन मंडल अशोक भगत, हरिदयाल दास सहित सैकड़ोलोग उपस्थित थे।

### बराला सेंट्रल पब्लिक स्कूल उनियारा का 'एक हजार पौधे' लगाने का संकल्प



लोकतंत्र की आवाज

शिवराज बारवाल मीना

टोंक/उनियारा। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ बराला सेंट्रल पब्लिक स्कूल, उनियारा ने एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस महत्वाकांक्षी अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और हरित वातावरण का निर्माण करना है। बराला सेंट्रल पब्लिक स्कूल के निदेशक नरेन्द्र बराला ने बताया कि सोमवार को अभियान का शुभारंभ उपखंड अधिकारी (एसडीएम) सुमन गुर्जर ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान के तहत उनियारा थाना पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, विवेकानंद सर्किल सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया गया विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप एक हजार पौधे लगाकर उनकी देखरेख भी सुनिश्चित की जाएगी।

# 18 घंटे करीब बिजली गुल रहने से भड़के ग्रामीण, स्टेट हाईवे 121 पर लगाया जाम

## अधिकारियों की समझाइश के बाद खुला रास्ता, तकनीकी खराबी दूर कर बहाल की गई बिजली आपूर्ति

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक।** पीपलू कस्बे के बस स्टैंड से रानोली रोड स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में रविवार रात करीब 10 बजे बिजली के खंभे पर स्पार्किंग होने के बाद बिजली आपूर्ति ठप हो गई। प्रारंभिक तौर पर ट्रांसफॉर्मर खराब होने की आशंका जताई गई, लेकिन करीब 18 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होने से तीन दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली बंद रहने से पेयजल आपूर्ति सहित दैनिक घरेलू कार्य भी प्रभावित हुए। लगातार बिजली गुल रहने से नाराज ग्रामीणों और महिलाओं का सोमवार दोपहर धैर्य जवाब दे गया।आक्रोशित लोगों ने स्टेट हाईवे—121 पर जाम लगाकर बिजली निगम के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप था कि रात से शिकायतें करने के बावजूद समस्या के समाधान के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सहायक अभियंता के तबादले के बाद कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारी उपलब्ध नहीं थे, जबकि कनिष्ठ अभियंता से भी संपर्क नहीं हो पाने से लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। जाम की सूचना मिलते ही पीपलू थाना पुलिस, बिजली निगम सोहेला के कनिष्ठ अभियंता चेतन प्रकाश तथा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर शीघ्र बिजली व्यवस्था बहाल करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात पुनः सुचारू हो गया।

मामला मीडिया में आने और ग्रामीणों के विरोध के बाद उपखंड अधिकारी ने भी प्रकरण का संज्ञान लिया।इसके बाद बिजली निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी जांच की। जांच में ट्रांसफॉर्मर सही पाया गया, जबकि तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होना सामने आया।

खराबी दूर करने के बाद बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई, हालांकि कई उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ा। कनिष्ठ अभियंता चेतन प्रकाश ने बताया कि बिजली व्यवस्था को पूरी तरह सामान्य करने के लिए आवश्यक तकनीकी कार्य जारी है। आवश्यकता पड़ने पर ट्रांसफॉर्मर बदलने की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि करीब दो घंटे में क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं, ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी समाधान की मांग की है।

# नई अंचलाधिकारी आदिति रंजन का बैजू राजा ने किया स्वागत, अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर (नवगछिया)।** बिहपुर प्रखंड की नवपदस्थापित अंचलाधिकारी (सीओ) सुश्री आदिति रंजन से सोमवार को जमालपुर पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ झा उर्फ बैजू राजा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने नई अंचलाधिकारी का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया एवं उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

बैजू राजा ने कहा कि बिहपुर जैसे महत्वपूर्ण प्रखंड में प्रशासनिक कार्यों के सफल संचालन के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई अंचलाधिकारी अपने कार्यकाल में आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करेंगी तथा राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेंगी। नई अंचलाधिकारी सुश्री आदिति रंजन ने भी शिष्टाचार भेंट के लिए बैजू राजा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता आम जनता को समय पर बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना तथा सरकार की योजनाओं का प्रभावी ्त्रिरयान्वयन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की।

ग़ौरतलब है कि इससे पूर्व लवकुश कुमार बिहपुर के अंचलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उनका स्थानांतरण होने के बाद सुश्री आदिति रंजन ने बिहपुर अंचलाधिकारी का पदभार संभाला है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के लोग उनसे लगातार शिष्टाचार मुलाकात कर शुभकामनाएं दे रहे हैं। बैजू राजा द्वारा किए गए इस सम्मान समारोह को प्रशासन और समाज के बीच बेहतर संवाद एवं सहयोग की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## जल शक्ति मंत्री ने आटा वृक्षारोपण किया



लोक तंत्र की आवाज

**उरई ।** वृहद वृक्षा रोपण महा अभियान के अंतर्गत मुख्य अतिथि मा0 जलशक्ति मंत्री, व नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, उ0प्र0 स्वतंत्र देव सिंह जी व विशिष्ट अतिथि इन्द्र विक्त्रम सिंह जी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम की थीम पर वृक्षारोपण महायज्ञ -2026 की श्रृंखला में थाना आटा क्षेत्रान्तर्गत मण्डी के पास जनपद जालौन में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान जल शक्ति मंत्री प्रित निधि अरविन्द सिंह चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, व पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह व सीडीओ के के सिंह डी सी मनरेगा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने समीक्षा भवन में आयोजित जनता दरबार में सुनी आमजन की समस्याएं

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** जिलाधिकारी, भागलपुर की अध्यक्षता में आज समीक्षा भवन, भागलपुर में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की गई।

जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल—खारिज, अतिक्रमण, राजस्व संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, विद्युत, पेंशन, राशन, पुलिस प्रशासन तथा अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय—सीमा के भीतर आवेदकों को राहत उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करना है, जिससे उनकी शिकायतों का प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जनता दरबार के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा प्राप्त आवेदनों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश प्राप्त किए। जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# आईएफडब्ल्यूजे टोंक जिला कार्यकारिणी का गठन, पत्रकार संगठन को मिला नया नेतृत्व

लोकतंत्र की आवाज




**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार एवं संगठन के अजमेर संभाग प्रभारी प्रवीण बोथरा की अनुशंसा पर आईएफडब्ल्यूजे टोंक जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन सोमवार, 13 जुलाई को किया गया। जिलाध्यक्ष प्रेम रघुवंशी ने संगठन को मजबूत एवं स्त्रिरय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पत्रकारों की नियुक्ति की घोषणा की।

जिलाध्यक्ष प्रेम रघुवंशी ने बताया कि मार्गदर्शक मंडल में रामपाल राकेट (निवाई), निर्भयराम मीणा (निवाई), अजय जैन (अलीगढ़) एवं अशोक सक्सेना (टोंक) को शामिल किया गया है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गोविंद सिंह सेठी (देवली) को नियुक्त किया गया है। जिला उपाध्यक्ष के रूप में राहुल राजवंशी (टोंक), दौलत पारीक (टोंक), विजय लखानी (टोंक), अशोक सैनी (चोरू) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन महामंत्री का दायित्व विनोद सांखला (दतवास) को दिया गया है। वहीं जिला सचिव पद पर प्रिया गौतम (निवाई), अनीश भारतीय (नगरफोर्ट), मुन्ना नमदगार (मालपुरा), घनश्याम शर्मा (मालपुरा) एवं याकूब अली (अलीगढ़) को मनोनीत किया गया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर अवधेश पारीक (टोडारायसिंह) तथा प्रवक्ता के रूप में अशोक शर्मा (टोंक) को नियुक्त किया गया है। जिला कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में निर्मल गुप्ता (उनियारा), मनीष शर्मा (निवाई), लालचंद माली, अल्ताफ मंसूरी, गणेश योगी (दतवास), गौरव विजय (टोंक), सुरेश दाधीच (टोडारायसिंह) एवं विष्णु शर्मा को मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष प्रेम रघुवंशी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी पत्रकारों के हितों की रक्षा, संगठन के विस्तार तथा निष्पक्ष, निर्भीक और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बरौनी थाना पुलिस पर गंभीर आरोप: जब्त ट्रैक्टर से जीपीएस डिवाइस हटाने का मामला आया सामने

लोकतंत्र की आवाज

- 9 जुलाई शाम 6:13 बजे 'वायर कट' अलर्ट मिलने का दावा
- जांच शुरू होने के बाद जीपीएस डिवाइस हटाने का आरोप, परिवादी ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य से छेड़छाड़ की आशंका जताई

शिवराज बारवाल मीना

टोंक। पीपलू सर्किल के बरौनी थाना पुलिस पर जब्त ट्रैक्टर से जीपीएस डिवाइस हटाने का गंभीर आरोप सामने आया है। ट्रैक्टर मालिक जय सिंह मीणा ने आरोप लगाया कि 27 मई 2026 को दर्ज कथित अवैध बजरी परिवहन प्रकरण में जब्त ट्रैक्टर से 9 जुलाई 2026 को शाम 6:13 बजे जीपीएस डिवाइस का तार काटकर उसे हटा दिया गया।

परिवादी का कहना है कि 27 मई को उसका ट्रैक्टर वैध पत्थर रवन्ने पर संचालित हो रहा था तथा ट्रॉली खाली थी, इसके बावजूद पुलिस ने 8 टन अवैध बजरी परिवहन भरा होना बताकर झूठा मामला दर्ज किया। जबकि मौके से खाली ट्रैक्टर ट्राली को लाने के वीडियो भी ट्रैक्टर ट्रॉली मालिक परिवादी के पास सुरक्षित हैं, जिसमें पुलिस जीप भी नजर आ रही है। उनका आरोप है कि तथ्यात्मक शिकायत के बाद जांच शुरू होने पर ट्रैक्टर से जीपीएस डिवाइस हटा दिया गया।

इस संबंध में उन्होंने मोबाइल एप पर प्राप्त "वायर कट" अलर्ट को आधार बताया है। परिवादी का यह भी कहना है कि बरौनी थाना परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। यदि 9 जुलाई को शाम 6:13 बजे ट्रैक्टर से जीपीएस डिवाइस हटाया गया, तो उस समय की सीसीटीवी फुटेज से यह स्पष्ट हो सकता है कि ट्रैक्टर के पास कौन—कौन गया और क्या गतिविधि हुई।शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यह कार्रवाई मामले से जुड़े संभावित इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को प्रभावित करने के उद्देश्य से की गई हो सकती है।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक, टोंक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। उधर, बरौनी थाना प्रभारी नारायण लाल गुर्जर (उप निरीक्षक) ने कहा कि मामले की जानकारी ली जा रही है तथा तथ्यों की पुष्टि के बाद ही कोई आधिकारिक टिप्पणी की जाएगी। उक्त आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए कथित और जीपीएस ट्रैकिंग मैसेज अलर्ट आरोपों पर आधारित है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामले में जिला पुलिस प्रशासन की आधिकारिक जांच एवं अंतिम रिपोर्ट आना शेष है।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

**भागलपुर।** माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के दिनांक 15 जुलाई, 2026 को प्रस्तावित भागलपुर आगमन एवं प्रखंड गोराडीह के ग्राम कासिल, पंचायत—सालपुर स्थित नवस्थापित डिग्री कॉलेज के उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी, भागलपुर ने वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा कार्यक्त्रम स्थल पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय—सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# विधायक जनसेवा कार्यालय में सजी सांस्कृतिक संध्या

लोकतंत्र की आवाज



- कला, संस्कृति और समाज सेवा से जुड़े प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान समाज को नई प्रेरणा देता है : विधायक प्रदीप प्रसाद

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की ओर से विधायक जनसेवा कार्यालय में 'विधायक सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्त्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि कला एवं संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा थे। समारोह में कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया, वहीं विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं ने अतिथियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रदीप प्रसाद, कला एवं संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा, ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत, सचिव प्रदीप पाठक, तरंग ग्रुप के अमित गुप्ता, संरक्षक हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, राजपाल नारायण, ज्ञान सागर एवं बद्रीराम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण में ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत ने कहा कि विधायक प्रदीप प्रसाद ने कलाकारों के हितों के लिए एक योग्य प्रतिनिधि का चयन किया है और कलाकारों के सुख—दुख में साथ देने का उनका प्रयास सराहनीय है। तरंग ग्रुप के अमित गुप्ता ने कहा कि कलाकारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य होने से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा।

मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और परंपराओं से होती है। कलाकार, साहित्यकार, समाजसेवी एवं सांस्कृतिक कर्मी अपनी प्रतिभा और समर्पण से समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों का सम्मान समाज को नई प्रेरणा देता है। कला एवं संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा ने कहा कि विधायक द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरते हुए वे हजारीबाग के कलाकारों के बीच लगातार स्त्रिरय रहेंगे और उनके उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत आशिक राय की आकर्षक गणेश वंदना से हुई। इसके बाद पुष्पदीप संगीत संस्था के सेमी गुप्ता और खुशी अग्रवाल ने सोलो नृत्य प्रस्तुत कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पाठक ने किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष कुणाल दुबे, रेणुका साहू, भाजपा जिला उपाध्याय व कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, विधायक प्रतिनिधि कालेश्वर रजक, दिलीप साहू, चौधरी प्रसाद साहू, रामकुमार मेहता, सुमन राय, पंडल गोप, मनोज श्रीवास्तव, बलराम शर्मा, श्री प्रकाश झा, कुलदीप कृष्णा, प्रीत गुप्ता, राजेश यादव, बिरजू रवि, रामआवतार शर्मा, चंदन सिहं, चिन्टू सिहं, राजेश ठाकुर, विक्की कुशवाहा, अशोक राणा, विनोद सिहं, फुलवा देवी, गुडिया देवी, पिन्टु रानी, मंडल अध्यक्ष शिवपाल यादव, अजीत कुशवाहा सहित हजारों संख्या मे लोग उपस्थित रहें।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।